संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 87 मंगलवार 28 जनवरी 2025 , पृष्ठ - 8+4 मूल्य 3 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

## अमित शाह ने प्रयागराज संगम में स्नान किया



**प्रयागराज,27 जनवरी 2025(ए)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को प्रयागराज पहुंच चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत कई बड़े नेताओं ने उनका स्वागत किया है। इस दौरान वह संगम में स्नान किया।

## डिप्रेशन में आईआईटी बाबा



### रो-रो कर लगातार ले रहा बीड़ी का नशा

**प्रयागराज,27 जनवरी 2025(ए)।** प्रयागराज महाकुंभ में आईआईटी बाबा के नाम से फेमस हुए अभय सिंह एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह है उनका रोते हुए वीडियो वायरल होना। वीडियो में वह बात करते-करते भावुक हो जाते हैं और फूट-फूटकर रोने लगते हैं। अभय कहते हैं-मुझे आईआईटी का टैग पसंद नहीं है। मुझे पॉपुलैरिटी नहीं चाहिए। आईआईटी वाले बाबा की कहानी अब बंद होनी चाहिए क्योंकि जिस मोह-माया को छोड़कर मैं आया हूं,लोग वही सब मेरे साथ फिर से जोड़ रहे हैं। मेरे नाम के साथ आईआईटी जोड़ रहे हैं, बाबा जोड़ रहे हैं. आंखों में आंसू लिए और रुंधे गले से अभय सिंह आगे कहते हैं- मैंने कभी दिखावे में विश्वास नहीं किया।

## मंत्री धनंजय मुंडे फंसे सरपंच की हत्या मामले में

### मिनिस्टर पद जाने का डर

**मुंबई,27 जनवरी 2025(ए)।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने कहा है कि यदि सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में धनंजय मुंडे के खिलाफ



सबूत मिलते हैं, तो उन्हें मंत्री पद छोड़ने को कहा जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता पाटिल ने रविवार को सांगली में संवाददाताओं को बताया कि देशमुख की हत्या की व्यापक स्तर पर जांच की जा रही है। राज्य सरकार में मंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता धनंजय मुंडे के सहयोगी वाल्मिक कराड को सरपंच की हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

## करोड़पति कांस्टेबल ने किया सरेंडर



**भोपाल,27 जनवरी 2025(ए)।** पूर्व आरटीओ सौरभ शर्मा ने भोपाल में कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। कोर्ट ने सौरभ की केस डायरी मंगवाई है। केस डायरी आने के बाद अदालत मंगलवार को मामले की सुनवाई करेगी।

## नशे में धुत हेडमास्टर साहब गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराने पहुंचे

**मुजफ्फरपुर,27 जनवरी 2025(ए)।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक को गणतंत्र दिवस के मौके पर शराब के नशे में धुत होकर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मीनापुर



इलाके के धरमपुर पूर्वी स्थित सरकारी मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिंह नशे की हालत में स्कूल पहुंचे थे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मीनापुर के विधायक मुन्ना यादव को दी, जिन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया। रामपुरहारी थाने के प्रभारी सुजीत कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने पर पुलिस की एक टीम तुरंत स्कूल पहुंची और प्रधानाध्यापक का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया, जिसमें उनके शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# ईसाई कब्रिस्तान में दफनाया जाएगा पादरी का शव

» सुप्रीम कोर्ट ने ग्राम पंचायत और हाईकोर्ट का निर्णय रखा बरकरार

» 7 जनवरी से रखा है शव

» अंतिम संस्कार पर सुप्रीम कोर्ट के जजों की राय अलग

**नई दिल्ली,27 जनवरी 2025 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने उस पादरी को ईसाइयों के लिए निर्दिष्ट स्थान पर दफनाने का निर्देश देते हुए सोमवार को खंडित फैसला सुनाया जिसका शव 7 जनवरी से छत्तीसगढ़ के एक शवगृह में रखा है। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना ने कहा कि धर्मांतरित ईसाई को परिवार की निजी कृषि भूमि पर दफनाया जाना चाहिए लेकिन जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि शव को छत्तीसगढ़ में गांव से दूर एक निर्दिष्ट स्थान पर दफनाया जाना चाहिए। बेंच ने कहा कि पादरी का शव उसे दफनाने के स्थान को लेकर विवाद के कारण 7 जनवरी से शवगृह में रखा है और इसी बात को ध्यान में रखते हुए वह इस मामले को बड़ी बेंच को नहीं भेजेगी। उसने निर्देश दिया कि शव को उस निर्दिष्ट स्थान पर दफनाया जाए, जो राज्य के छिंदवाड़ा गांव से 20 किलोमीटर दूर है। बेंच ने कहा कि वह मामले के विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए यह आदेश पारित कर रही है और उसने राज्य सरकार को पूरी सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।



### ग्रामीणों ने शव दफनाने का किया था विरोध

बघेल ने दावा किया था कि छिंदवाड़ा गांव में एक कब्रिस्तान है जिसे ग्राम पंचायत ने शवों को दफनाने और अंतिम संस्कार के लिए मौखिक रूप से आवंटित किया है। कब्रिस्तान में आदिवासियों के दफनाने, हिंदू धर्म के लोगों को दफनाने या उनका दाह संस्कार करने के अलावा ईसाई समुदाय के लोगों के लिए अलग-अलग क्षेत्र निर्धारित किए गए थे। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता और उसके परिवार के सदस्य पादरी के पार्थिव शरीर को कब्रिस्तान में ईसाई लोगों के लिए निर्दिष्ट क्षेत्र में दफनाना चाहते थे। इसमें कहा गया है, ''यह बात सुनकर कुछ ग्रामीणों ने इसका कड़ा विरोध किया और याचिकाकर्ता एवं उसके परिवार को इस भूमि पर याचिकाकर्ता के पिता को दफनाने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। वे याचिकाकर्ता के परिवार को उसके निजी स्वामित्व वाली भूमि पर शव को दफनाने की भी अनुमति नहीं दे रहे हैं।''

### कोर्ट ने पादरी के बेटे की याचिका पर सुनाया फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने 22 जनवरी को कहा था कि उसे पादरी के शव को दफनाने के मामले में सौहार्दपूर्ण समाधान निकलने और पादरी का सम्मानजनक तरीके से अंतिम संस्कार किए जाने की उम्मीद है। कोर्ट ने पादरी के बेटे की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। बेंच ने रमेश बघेल नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया।

### क्या था पूरा मामला?

याचिकाकर्ता ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने रमेश बघेल के पादरी पिता के शव को गांव के कब्रिस्तान में ईसाइयों को दफनाने के लिए निर्दिष्ट क्षेत्र में दफनाने के अनुरोध संबंधी उसकी याचिका का निपटारा कर दिया था। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि उसे यह देखकर दुख हुआ कि छत्तीसगढ़ के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति को अपने पिता के शव को ईसाई रीति-रिवाजों के अनुसार दफनाने के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा क्योंकि अधिकारी इस मुद्दे को सुलझाने में विफल रहे।

### परिवार पर शव को गांव से बाहर ले जाने का बनाया दबाव

बघेल के अनुसार, ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव में किसी ईसाई को दफनाया नहीं जा सकता, चाहे वह गांव का कब्रिस्तान हो या निजी जमीन। उन्होंने कहा,जब गांव वाले हिंसक हो गए,तो याचिकाकर्ता के परिवार ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद 30-35 पुलिसकर्मी गांव पहुंचे। पुलिस ने परिवार पर शव को गांव से बाहर ले जाने का दबाव भी बनाया।

## 15 गारंटी के साथ केजरीवाल ने जारी किया मैनिफेस्टो

**नई दिल्ली,27 जनवरी 2025 (ए)।** दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी ने सोमवार को अपना चुनावी मैनिफेस्टो जारी किया। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने 15 गारंटी देते हुए दिल्ली के नागरिकों के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी ने 'गारंटी' शब्द का मजाक बनाया, लेकिन आप अपनी सभी गारंटियों को पूरा करेगी।



### केजरीवाल की 15 गारंटी की क्या हैं प्रमुख घोषणाएं

**➡रोजगार की गारंटी**

केजरीवाल ने कहा कि उनकी प्राथमिकता दिल्ली में सभी बेरोजगारों को रोजगार देना है। उन्होंने वादा किया कि नई सरकार हर परिवार के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित करेगी।

**➡महिला सम्मान योजना**

हर महिला को प्रतिमाह 2100 रुपये सीधे उनके बैंक खाते में भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद यह पहला निर्णय होगा।

**➡संजीवनी योजना**

दिल्ली सरकार 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों के इलाज का पूरा खर्च वहन करेगी। बुजुर्गों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जाएंगी।

**➡पानी बिल माफी**

जिन लोगों को पानी के गलत बिल मिले हैं, उन्हें भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। नई सरकार बनते ही इन बिलों को माफ किया जाएगा।

**➡24 घंटे पानी की सुविधा**

हर घर में साफ और 24 घंटे पानी की आपूर्ति की जाएगी। हालांकि, केजरीवाल ने स्वीकार किया कि यह वादा पिछले कार्यकाल में पूरा नहीं हो पाया।

**➡साफ यमुना करने की योजना**

यमुना को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाना आप का मुख्य लक्ष्य है। इसे लेकर बड़े पैमाने पर प्रयास किए जाएंगे।

**➡यूरोपियन स्टैंडर्ड की सड़कें**

दिल्ली की सड़कों को यूरोपियन स्टैंडर्ड की तर्ज पर विकसित करने का वादा किया गया है।

**➡डॉक्टर अंबेडकर स्कॉलरशिप योजना**

दलित समाज के बच्चों को विदेश में पढ़ाई के लिए सभी खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी।

**➡छात्रों के लिए सुविधाएं**

छात्रों को बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा और दिल्ली मेट्रो किराए में 50 फीसदी की छूट दी जाएगी।

**➡पुजारी और ग्रंथी योजना**

मंदिरों और गुरुद्वारों के पुजारी और ग्रंथियों को हर महीने आर्थिक सहायता दी जाएगी।

**➡किरायेदारों के लिए राहत**

बिजली और पानी के बिल का लाभ किरायेदारों को भी मिलेगा।

**➡सीवर समस्याओं का समाधान**

सीवर ओवरफ्लो की समस्या को 15 दिनों के अंदर ठीक किया जाएगा। पुरानी सीवर लाइनों को एक साल के भीतर बदला जाएगा।

**➡राशन कार्ड योजना**

गरीबों को राशन कार्ड देकर उन्हें आर्थिक राहत दी जाएगी।

**➡बेटी की शादी में 1 लाख रुपये की मदद**

ऑटो, टैक्सी और ई-रिक्शा चालकों की बेटियों की शादी के लिए 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

**➡कानून व्यवस्था में सुधार**

दिल्ली की आरडब्ल्यूए को प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड्स मुहैया कराए जाएंगे ताकि कानून व्यवस्था बेहतर हो सके।

### केजरीवाल का बीजेपी पर हमला

मैनिफेस्टो जारी करते हुए अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी वालों ने 15 लाख रुपये देने का वादा किया था, लेकिन वह झूठा निकला। हमने जो भी गारंटी दी, उसे पूरा किया है और आगे भी करेंगे।आप ने अपने मैनिफेस्टो में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं पर खास ध्यान दिया है। अब देखना होगा कि दिल्ली की जनता इस मैनिफेस्टो को कितना समर्थन देती है।



## महाकुंभ में अब छाए डोले-शोले वाले पहलवान बाबा

» फिटनेस देख छूटे लोगों के पसीने

**प्रयागराज,27 जनवरी 2025 (ए)।** प्रयागराज सोशल मीडिया पर इन दिनों महाकुंभ से जुड़े एक से बढ़कर एक वीडियो सामने आ रहे हैं। देखा जाए तो महाकुंभ में हर दिन कई बाबा सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिनमें से कुछ चर्चा का विषय बने हुए हैं। हाल ही में चर्चा में आए आईआईटी के पूर्व छात्र रह चुके अभय सिंह तो आपको याद ही होंगे, जो आईआईटीयन बाबा के नाम से फेमस हैं। उनके बाद रुद्राक्ष वाले बाबा और रूस के मस्कुलर बाबा ने भी बढ़चढ़ कर सुर्खियां बटोरीं, लेकिन सिलसिला यही नहीं थमा, अब प्रयागराज के महाकुंभ में अपनी फिटनेस और डोले-शोले से चर्चा में आए पहलवान बाबा ने सबका ध्यान खींच रखा है, जिनके वीडियो और फोटोज इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल हो रहे हैं। कुंभ में पहलवान बाबा के नाम से मशहूर इन बाबा का नाम है राजपाल सिंह, जिन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए मुहिम चला रखी है। उनकी मानें तो इसी मुहिम को आगे बढ़ाने के मकसद से वह महाकुंभ में पहुंचे हैं। उनका कहना है कि, 'देश के युवाओं को जगाना है,नशे को भगाना है और भारत को विश्व गुरु बनाना है। उन्होंने देश के युवाओं से अपील की है कि, घर का भोजन करें और रोज कसरत करें।

पहलवान बाबा का कहना है कि, अगर वह 50 साल की उम्र में 1 हाथ से 10 हजार पुश अप लगा सकते हैं, तो आज के युवा को तो चार गुना ज्यादा मेहनत करनी चाहिए। बाबा का कहना है कि, आजकल के युवा भटक गए हैं और गलत संगत के चलते खान-पान खराब कर रहे है, जिसके वजह से वह कमजोर हो रहे हैं। कुछ युवा नशे की लत के चक्कर में खुद का शरीर खराब कर रहे हैं। उनका युवाओं से कहना है कि, अपने माता-पिता की आज्ञा मानें उन्हें खुश रखें और घर का देसी भोजन करें।

## उत्तराखंड में यूसीसी पोर्टल का हुआ शुभारंभ



**देहरादून,27 जनवरी 2025(ए)।** उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता को लागू कर राज्य में सभी नागरिकों के लिए एक समान कानूनी व्यवस्था की शुरुआत कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को देहरादून स्थित सीएम कैंप कार्यालय में यूसीसी नियमावली और यूसीसी पोर्टल का उद्घाटन किया।

## 44 संशोधनों पर चर्चा के बाद जेपीसी से मिली वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी

**नई दिल्ली,27 जनवरी 2025 (ए)।** संयुक्त संसदीय समिति ने वक्फ संशोधन विधेयक को



मंजूरी दे दी है। बिल को अगस्त 2024 में 14 बदलावों के साथ संसद के पटल पर रखा गया था।

## केंद्र ने फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल पर कसी नकेल



### दूरसंचार कंपनियों ने लिया ये बड़ा एक्शन

**नई दिल्ली,27 जनवरी 2025 (ए)।** सरकार ने बताया है कि भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने वाली अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉलों की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित प्रणाली ने ऐसी कॉलों को प्रतिदिन लगभग 4 लाख तक कम कर दिया है। इसके अलावा, सरकार ने भारतीय दूरसंचार कंपनियों से उन विदेशी वाहकों या एग्रीगेटरों के खिलाफ अभियान शुरू करने को कहा, जो फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सौंप रहे हैं, और उन्होंने अब तक 20 से अधिक ऐसे वाहकों को ब्लॉक कर दिया है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने हाल ही में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के साथ मिलकर स्वदेशी रूप से विकसित अंतरराष्ट्रीय इनकमिंग स्पूफ्ड कॉल रोकथाम प्रणाली शुरू की है। यह उपकरण एक मजबूत अवरोधक साबित हुआ, जिसने आने वाली सभी अंतर्राष्ट्रीय कॉलों में से 90 प्रतिशत को ब्लॉक कर दिया, जिन्हें स्पूफ कॉल के रूप में पहचाना गया था।



## सुप्रीम कोर्ट ने 28 भाजपा नेताओं पर दर्ज एफआईआर निरस्त करने के खिलाफ झारखंड सरकार की याचिका खारिज की

**रांची/नई दिल्ली,27 जनवरी 2025 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, झारखंड के पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा सांसद संजय सेठ सहित 28 भाजपा नेताओं के खिलाफ झारखंड सचिवालय घेराव के मामले में दर्ज एफआईआर को हाईकोर्ट द्वारा निरस्त करने के आदेश को बरकरार रखा है। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली झारखंड सरकार की याचिका (एसएलपी) सोमवार को खारिज कर दी।

## बॉयफ्रेंड ने प्रेमिका के बेटे की कर दी हत्या

» दिवाल से सिर पटकर उतारा मौत के घाट

**सेलम,27 जनवरी 2025(ए)।** तमिलनाडु के सेलम में शनिवार को पुलिस ने एक युवक को उसकी प्रेमिका के तीन साल के बेटे की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी ने अपनी प्रेमिका के बेटे को उस समय दीवार से सिर पटककर मार डाला जब बच्चा उनकी गुप्त मुलाकात के दौरान रोने लगा। आरोपी की पहचान 22 वर्षीय के तमिलारसन के रूप में हुई है, जो किचीपलायम का रहने वाला एक दैनिक श्रमिक है।

तमिलारसन शानमुगाप्रिया (23) नाम की महिला के साथ अफेयर में था। शानमुगाप्रिया, जी. पासुपति (28) की पत्नी हैं, जो कालीगौंडर हाउसिंग बोर्ड इलाके के निवासी हैं। 22 जनवरी की रात को तमिलारसन शानमुगाप्रिया से मिलने गया लेकिन जब बच्चा रोने लगा, तो आरोपी ने गुस्से में आकर बच्चे के सिर को दीवार से पटक दिया। इसके बाद, बच्चा गंभीर अवस्था में सेलम के



सरकारी मोहन कुमरामंगालम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पहुंचा।डॉक्टरों को बताया गया कि बच्चे को बाइक से गिरने के कारण सिर में चोट आई है लेकिन डॉक्टरों ने जब चोटों का विश्लेषण किया, तो पाया कि ये चोटें बाइक से गिरने से मेल नहीं खाती थीं। इसके बाद, डॉक्टरों ने पुलिस को सूचना दी,और पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची।

प्रारंभिक जांच में पुलिस ने यह पता लगाया कि यह चोटें तमिलारसन ने दी थीं। पुलिस के अनुसार, बच्चा शुक्रवार रात, 25 जनवरी को इलाज के बावजूद अपने घावों से बच नहीं सका और उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया और सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# संपादकीय

## 90 घंटे काम करने की अपेक्षा

कभी -कभी किसी विशिष्ट व्यक्ति के मुंह से कुछ इस तरह के बयान निकल कर बाहर आ जाते हैं जिनके बारे में तय करना मुश्किल हो जाता है कि इन्हें गंभीर मान कर इन पर समुचित ध्यान दिया जाए या हास्यास्पद मान कर दरकिनार कर दिया जाए।पिछले दिनों लार्सन एंड टूब्रो (एल एंड टी) के चेयरमैन एस. एन. सुब्रमण्यम ने जो बात कही उस पर पूरे देश में प्रतिक्रिया हुई। उन्होंने अपने कर्मचारियों की बैठक में कहा कि कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे और रविवार को भी काम करना चाहिए। अपनी पत्नियों का मुंह निहारने में समय नष्ट नहीं करना चाहिए। इससे पहले इंफोसिस के मालिक नारायण मूर्ति भी कर्मचारियों से सप्ताह में 70 घंटे काम करने का आह्वान कर चुके हैं।अगर इन टिप्पणियों को सचमुच गंभीरता से लिया जाए तो ये बहुत क्रूरता, नासमझी और असंवेदनशीलता से भरी हुई टिप्पणियां हैं। इनका निहित भाव यह है कि कर्मचारी न अपने परिवार पर ध्यान दें, न दोस्तों, मित्रों और रिश्तेदारों से संपर्क रखें और अपने सामाजिक जीवन को त्याग दें। भारत जैसे देश में जहां शिक्षित बेरोजगारों की दर बहुत ज्यादा है, और जिन्हें रोजगार मिला भी हुआ है, उन्हें भी अपने श्रम के अनुकूल वेतन नहीं मिलता।एक आंकड़े के अनुसार भारत के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगाररत लोगों में से 67 फीसद ऐसे हैं जो कार्य संबंधी कारणों से तनावग्रस्त रहते हैं जिससे उनके परिवारों में भी तनावग्रस्त वातावरण बन जाता है। तिस पर कार्यस्थलों का वातावरण उनके प्रति सहानुभूतिपूर्ण, संवेदनशील और समझदारी भरा न हो तो उनकी समस्याएं और अधिक बढ़ जाती हैं। ऐसे में उनसे सप्ताह में 90 घंटे कार्य करने की अपेक्षा करना उनकी सामाजिक और पारिवारिक जिंदगियों को नर्क में झोंक देने जैसा है।आजकल तो ऐसे भी संस्थान हैं जो अपने बड़े-बड़े अधिकारियों को ज्यादा वेतन इसलिए देते हैं कि वे छोटे कर्मचारियों का शोषण करें। वास्तव में बहस इस पर होनी चाहिए कि संस्थाओं में कर्मचारियों को उत्पादनक्षम वातावरण कैसे मिले जिससे पारिवारिक तथा व्यावसायिक जीवन में संतुलन आए न कि उनसे 90 घंटे काम करने की अपेक्षा की जाए। हालांकि अब एल एंड टी की एचआर हेड ने अपने चेयरमैन का बचाव करते हुए कहा है कि उनके बयान को गलत संदर्भ में लिया गया है। लेकिन सच तो यह भी है कि जब बात निकली है तो दूर तलक जाएगी।

# सिद्धारमैया पर भ्रष्टाचार के आरोपों पर कांग्रेस चुप क्यों

***दरअसल कमजोर होती कांग्रेस में इतने क्षत्रप पनप गए हैं कि पार्टी चाह कर भी उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। ऐसे में भ्रष्टाचार हो या पार्टी विरोधी गतिविधियां, कांग्रेस खिसकते जनाधार के कारण यह जहर पीने को मजबूर हो गई है।***

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल पीएम मोदी की तरह झूठे वादे करते हैं। केजरीवाल ने कहा था कि भ्रष्टाचार मिटाएंगे लेकिन क्या दिल्ली में भ्रष्टाचार हटा क्या? अडानी पर भी केजरीवाल कुछ भी नहीं बोलते हैं। राहुल गांधी ने जब केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए उसी समय कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने (ईडी) ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले के संबंध में 300 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य वाली 142 अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया। ईडी के बेंगलुरु जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत इन संपत्तियों को जब्त किया। ईडी के अनुसार, ये संपत्तियां विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर पंजीकृत हैं जो रियल एस्टेट व्यवसायी और एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। ईडी ने लोकायुक्त पुलिस मैसूर द्वारा भारतीय दंड संहिता, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी।



आतंरिक तौर पर देखें तो राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे में इतना साहस भी नहीं हो सका कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री पद से हटाना तो दूर बल्कि कारण बताओ नोटिस तक जारी कर सकें। दरअसल कांग्रेस को अंदाजा है कि यदि सिद्धारमैया से कुछ भी पूछा गया तो विद्रोह की नौबत आ जाएगी। ऐसे में कांग्रेस ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखना ही सही समझा। कांग्रेस को शायद यह बात समझ में नहीं आई कि उसकी चुप्पी ही उसे अपराधी बना रही है। यही वजह है कि भाजपा ने विगत चुनावों में भ्रष्टाचार के मुद्दों पर कांग्रेस की बखिया उधडने में कोई कसर बाकी नहीं रखी।

दरअसल कमजोर होती कांग्रेस में इतने क्षत्रप पनप गए हैं कि पार्टी चाह कर भी उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। ऐसे में भ्रष्टाचार हो या पार्टी विरोधी गतिविधियां, कांग्रेस खिसकते जनाधार के कारण यह जहर पीने को मजबूर हो गई है। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसका उदाहरण हैं। सरेआम पार्टी के निर्णयों की उपेक्षा करने के बावजूद कांग्रेस गहलोत के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकी। इसी तरह सचिन पायलट भी पार्टी खुल कर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे, किन्तु कांग्रेस उनकी तरफ से भी आंखे फेरे रही है। गहलोत और पायलट के अंदरूनी सता संघर्ष का ही नतीजा रहा कि कमजोर कांग्रेस राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकी और करारी शिकस्त खाने को मजबूर हुई।

कांग्रेस में भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरने वाले सिद्धारमैया अकेले नेता नहीं हैं। पार्टी में नीचे से लेकर शीर्ष तक नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वालीं कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी कई भाषणों में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के जमानत पर बाहर होने पर चुटकी भी लेते रहे हैं। संसद के सत्र के दौरान जब कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने कहा था कि भ्रष्टाचार के मामले हैं तो गिरफ्तार क्यों नहीं करते, तब पीएम मोदी ने हंसते हुए कहा था- जमानत पर हैं तो एन्जॉय करिए। इसी तरह कांग्रेस मौके-बेमौके ऐसे मुद्दें पर उपहास का पात्र बनती रही है। भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर रहे हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती है। नेशनल हेराल्ड केस-2011 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता फंसे हैं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी का आरोप है कि यह सब कुछ दिल्ली में बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित हेराल्ड हाउस की 16 सौ करोड़ रुपये की बिल्डिंग पर कब्जा करने के लिए किया गया।

वर्ष 2013 में अगस्ता वेस्टलैंड वीआइपी हेलीकॉप्टर खरीद घोटाला में सीबीआई और दूसरी केंद्रीय एजेंसियां अहमद पटेल पर इतालवी चॉपर कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से कमीशन लेने के आरोपों की जांच कर रही हैं। इस मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी भी फंसे हैं। राजस्थान में एंबुलेस घोटाला में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट भी आरोपी हैं। ये मामला 2010 से लेकर 2013 तक एनआरएचएम के तहत एंबुलेंस खरीदने में हुई धांधली का है। ईडी अब तक 12 करोड़ की संपत्तियां आरोपियों से जब्त कर चुकी है। कांग्रेस के दिग्गज नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति दर्ज करने का मामला चल रहा है। 2017 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने डीके शिवकुमार के 64 ठिकानों पर जबर्दस्त छापेमारी की थी। टैक्स चोरी की शिकायतों पर यह कार्रवाई हुई थी। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के खिलाफ भी केंद्रीय एजेंसियों ने छापेमारी की। सितंबर 2015 में उनकी बेटी की शादी के दिन सीबीआई ने छापेमारी कर खलबली मचा दी थी।

आश्चर्य यह नहीं है कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं, बल्कि लगाने वाले ने अपनी पार्टी की गिरेबां में झांक कर नहीं देखा। आकंठ तक भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी कांग्रेस के मुंह से भ्रष्टाचार शब्द भी अब बेजान हो गया है। कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान भ्रष्टाचार के काले कारनामों से रंगा हुआ है। कांग्रेस यदि आज देश में लगातार सिमटती जा रही है तो उसका प्रमुख कारण भ्रष्टाचार में लिप्त होना है। भाजपा के बाद देश की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस अपने दामन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर दोमुंही बातें करती रही है। यह निश्चित है कि जब तक कांग्रेस भ्रष्टाचार को लेकर कथनी और करनी के फर्क को नहीं मिटाती तब तक देश के मतदाताओं का पूरा भरोसा नहीं जीत सकती।

**-योगेन्द्र योगी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# चीन के निर्णय से भारत सकते में

पिछले साल अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में जब पूर्वी लद्दाख को लेकर भारत और चीन के बीच समझौते की खबर आई तो एकबारगी लगा कि एशिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और परमाणु सशस्त्र सेनाओं के बीच संबंध सामान्य हो रहे हैं। दोनों देशों के रिश्तों में 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' वाली नरमी लौटने से एक उम्मीद जगी थी कि एशियाई रिजन तनाव व संघर्ष के वातावरण से मुक्त हो सकेगा। दुर्भाग्य से पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रों के बीच विश्वास बहाली की जमीन पुख्ता हो पाती इससे पहले ही चीन ने तिब्बत में ब्रहमपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े डैम प्रोजेक्ट को मंजूरी देकर विवाद को हवा दे दी। चीन के इस निर्णय से भारत सकते में है।भारत का मानना है कि चीन के इस प्रोजेक्ट से निचले बहाव वाले देशों खासकर भारत और बांग्लादेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। भारत ने इस प्रोजेक्ट पर कड़ी आपत्ति प्रकट की है। उसने चीन सरकार को दो टूक कहा है कि किसी भी तरह के निर्माण से पहले निचले बहाव वाले देशों के हितों का ध्यान रखा जाए। भारत का मानना है कि बांध का निर्माण जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय क्षति और निचले इलाकों में जल संकट उत्पन्न कर सकता है। हालांकि, चीन ने योजना का बचाव करते हुए कहा है कि दाकों के अध्ययन के बाद सुरक्षा मुद्दों का समाधान किया गया है, इसलिए बांध के निर्माण से दूसरे देशों पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा, लेकिन सवाल यह है कि चीन की कथनी और करनी पर किस हद तक भरोसा किया जाए। बांग्लादेश की युनूस सरकार ने परियोजना पर सवाल खड़े किए हैं।ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत के कैलाश पर्वत के पास मानसरोवर झील के पूर्व की ओर से निकलती है। भारत के अरुणाचल प्रदेश और असम से होते हुए यह बांग्लादेश तक जाती है। इसकी कुल लंबाई 2880 किमी है। तिब्बत में इसका नाम यारलुंग सांगपो है। तिब्बत में इसका बहाव क्षेत्र 1625 किमी है। भारत में इसकी लंबाई 918 किमी है। यहां इसे सियांग, दिहांग और ब्रहमपुत्र के नाम से जाना जाता है। नदी का बाकी 337 किमी का हिस्सा बांग्लादेश में है, जहां इसे जमुना कोयला' कहा जाता है। तीन देशों में बहाव क्षेत्र होने के कारण नदी पर शुरू की जाने वाली किसी भी परियोजना या एक तरफा तौर पर होने वाले निर्माण पर सवाल उठने लगते है। पिछले 25 दिसम्बर को जब चीन ने ब्रह्मपुत्र पर 60,000 मेगावाट की क्षमता वाली दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना के निर्माण की घोषणा की खबरे मीडिया में आई तो भारत सरकार हरकत में आई।दरअसल, चीन जिस तरह से अपनी महत्त्वाकांक्षी योजनाओं का उपयोग प्रतिद्वंद्वी देशों को आर्थिक और रणनीतिक मोर्चे पर घेरने के लिए करता है उससे भारत की चिंता बढनी ही थी। चिंता के कई बड़े कारण है। पहला, इस परियोजना के शुरू होने के बाद भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र पर हमेशा चीनी दखल का खतरा मंडराता रहेगा। दूसरा, चीन का भारत और बांग्लादेश के साथ सीमा विवाद बढ़ सकता है, क्योंकि ब्रह्मपुत्र नदी के पानी पर तीनों देशों के दावे को लेकर विवाद है। तीसरा, भारत-चीन संबंधों में तनाव उत्पन्न होने की स्थिति में चीन इस डैम को भारत के साथ सौदेबाजी का जरिया बना सकता है। चौथा, चीन इस डैम का उपयोग वाटर बम' के तौर पर भी कर सकता है।तनाव और विवाद की स्थिति में चीन इस डैम के जरिए भारत के सीमाई इलाकों में बड़ी मात्रा में वाटर फ्लो करके बाढ़ जैसे हालात पैदा कर देगा। सच तो यह है कि ब्रह्मपुत्र अरुणाचल प्रदेश और असम की जीवन रेखा है, जो पांच करोड़ से अधिक लोगों को पेयजल, सिंचाई और जलविधुत के लिए पानी उपलब्ध कराती है। ऐसे में अगर चीन ब्रह्मपुत्र पर बांध का निर्माण करता है तो पानी के बहाव पर उसका नियंत्रण हो जाएगा।परिणामस्वरूप वह शुष्क मौसम के दौरान पानी के प्रवाह को कम कर कृषि और पेयजल के लिए जल संकट उत्पन्न करने में संकोच नहीं करेगा। दूसरी ओर मानसून के दौरान अतिरिक्त पानी छोड़ने का भी खतरा बना रहेगा।



इससे पहले भी चीनी अपस्ट्रीम गतिविधियों के कारण असम, अरुणाचल और हिमाचल में बाढ़ आ गई थी। दरअसल, चीन अपनी महत्त्वाकांक्षी परियोजनाओं को लेकर हमेशा संशय की स्थिति बनाए रखता है। निर्माण योजना को लेकर पड़ोसी देशों के बीच भ्रम बनाए रखना और महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं की जानकारी साझा करने से बचना उसकी इसी निर्माण नीति' का हिस्सा है। साल 2010 में कई वर्षो के इनकार के बाद उसने स्वीकार किया कि वह ब्रह्मपुत्र पर जंगमु बांध बना रहा है।हालांकि, भारत का पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ नदी के पानी को लेकर विवाद है लेकिन दोनों देशों के साथ संधि होने के कारण इस मुद्दे को सुलझाया जा सकता है परन्तु चीन के साथ भारत की कोई संधि नहीं है दोनों के बीच केवल एक समझौता ज्ञापन है जिसके तहत चीन केवल ब्रह्मपुत्र पर हाइड्रोलॉजिकल डेटा प्रदान करता है। यह एक अस्थायी समझौता है जिसकी हर पांच साल में समीक्षा की जाती है और चीन जब चाहे इससे पीछ हट सकता है। सवाल है भारत चीन की इस चुनौती से निबटने के लिए क्या कर सकता है। पूरे मामले में सबसे गंभीर और चिंताजनक पहलू यह है कि भारत को इस प्रोजेक्ट की समय रहते खबर क्यों नहीं लगी? दूसरा जिस तरह से भारत ने एक सप्ताह से अधिक का समय बीतने के बाद चीन के समक्ष आपत्ती प्रकट की उस पर भी सवाल उठ रहे हैं।खैर! अब भी कोई बहुत ज्यादा देर नहीं हुई है। चीन की चुनौती से निबटने के लिए भारत ने रणनीतिक उपायों के साथ जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण पर आगे बढने के संकेत दिए। हालांकि, भारत भी अरुणाचल प्रदेश में ब्रह्मपुत्र पर डैम का निर्माण कर चीन को काउंटर करने की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा जिस तरह से 2023 की शुरुआत में भारत ने रणनीतिक चतुराई के साथ वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन का आयोजन करके ग्लोबल साउथ की दौड़ से चीन को अलग किया है, वैसी रणनीतिक सूझबूझ का परिचय मौजूदा चुनौती से निबटने में देना होगा।

**-डॉ. एन.के. सोमानी-**

# दिल्ली दंगों का दर्द फिर उभरा

दिल्ली विधानसभा के लिए मतदान के लिए तैयार है, और पांच साल पहले भड़के उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दंगों का दर्द फिर उभर आया है।दंगों की साजिश के आरोप में बहुत से लोग यूएपीए के तहत जेल में हैं, और उस मुकदमे का न्याय ठिठका हुआ है। वैसे पुलिस ने दंगे से जुड़े 758 मामले पंजीकृत किए थे। इनमें से एक स्पेशल सेल, 62 क्राइम ब्रांच और 695 उत्तर-पूर्वी दिल्ली के विभिन्न थानों में पंजीकृत हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने दंगों से जुड़ी कुल 758 एफआईआर दर्ज कीं। इनमें अभी तक 2619 लोगों की गिरफ्तारी हुई जिनमें से 2094 लोग जमानत पर हैं। अब तक सिर्फ 47 लोगों को दोषी पाया है, और 183 लोग बरी भी हो गए हैं। 75 लोगों के खिलाफ सबूत न होने के कारण कोर्ट ने उनका मामला रद्द कर दिया है। इतने वर्ष बीतने के बावजूद इनमें से अभी तक 268 मामलों में जांच पूरी नहीं हो पाई है।जरा सोचें 1680 दिन बाद दंगे के कौन से साक्ष्य अब मिलेंगे? कुछ अर्जियां ऐसी भी हैं, जिन पर मामले दर्ज ही नहीं किए गए क्योंकि उनमें कुछ बड़े नाम थे। ऐसे भी मामले (57) जिनमें पुलिस के हाथ प्रमाण नहीं लगे और इन्हें बंद करने के लिए पुलिस ने अदालत से निवेदन किया है। ऐसे 43 मामलों की क्लोजर रिपोर्ट कोर्ट ने स्वीकार कर ली हैं जबकि 14 रिपोर्ट अभी विचाराधीन हैं। सच है कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था का जिम्मा केंद्र सरकार का है, लेकिन न्याय और जेल राज्य सरकार के हाथों हैं। यह भी सामने आ चुका है कि दिल्ली हिंसा के पहले दिन ही अनेक जागरूक लोग मनीष सिसोदिया सहित आप के बड़े नेताओं के घर गए थे कि हम सभी को तनावग्रस्त इलाके में चल कर लोगों को समझा कर शांत करना चाहिए' लेकिन इन नेताओं ने इससे इनकार कर दिया था। विदित हो दिल्ली में विधानसभा चुनाव के नतीजे के तत्काल बाद ही दंगे हो गए थे। इस आशय का पत्र और तथ्य अब चार्जशीट के हिस्से हैं। दंगों के तत्काल बाद दिल्ली सरकार के दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग ने नौ सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। इसके चेयरमैन सुप्रीम कोर्ट के वकील एमआर शमशाद और गुरमिंदर सिंह मथारू, तहमीना अरोड़ा, तनवीर काजी, प्रो. हसीना हाशिया, अबु बकर सब्बाक, सलीम बेग, देविका प्रसाद तथा अदिति दत्ता सदस्य थे। इस जांच कमेटी ने दंगों में घोषित मुआवजे के लिए लिखे गए 700 प्रार्थनापत्रों का अध्ययन किया। अपने अध्ययन के बाद कमेटी ने पाया कि अधिकतर मामलों में क्षतिग्रस्त जगह का दौरा भी नहीं किया गया और जिन मामलों में जान-माल का नुकसान पाया गया, उनमें भी बहुत कम धनराशि, अंतरिम सहायता के रूप में दी गई। दंगों के तुरंत बाद कई लोग घर छोड़ कर चले गए। इसलिए बहुत से लोग मुआवजे के लिए आवेदन नहीं कर सके।मुआवजे में भी सरकारी अधिकारी के मरने पर उनके परिवार वालों को एक करोड़ की रकम दी गई जबकि एक आम नागरिक की मौत पर केवल 10 लाख रु पये का मुआवजा दिया गया। मुआवजे का कोई तार्किक आधार तय नहीं किया गया। इस रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है, फिर भी दंगा पीड़ितों को केंद्र ने कोई मदद नहीं की। इस बात के लिए दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार की भूमिका भी संदिग्ध है कि अप्रैल, 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगा दावा आयोग (एन ईडी आरसीसी) के गठन के बावजूद आज भी 2,790 दावे अनसुलझे हैं। वादे-दावे आगे चल कर सरकार बनाम उपराज्यपाल के झगड़े में फंस गए। 25 अगस्त, 2022 को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दावों के निपटान में तेजी लाने के लिए आयोग में 40 नये हानि मूल्यांकनकर्ताओं को नियुक्त किया। उन्हें नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट दिल्ली उच्च न्यायालय में पेश करने के लिए कहा गया।एलजी सक्सेना ने मौजूदा 14 मूल्यांकनकर्ताओं को 25 अगस्त की तारीख से तीन सप्ताह के भीतर उन्हें सौंपे गए दावा निपटान पर अपनी रिपोर्ट जमा करने का भी निर्देश दिया। कहा गया कि इन मूल्यांकनकर्ताओं में से कुछ को सरकार द्वारा उन्हें दी गई जिम्मेदारी के बारे में भी पता नहीं था। बहुत से लोगों ने काम ही नहीं शुरू किया। उधर आयोग के अधिकारी कहते हैं कि एलजी द्वारा नियुक्त असेस्मेंट टीम के 40 में से 5 से ही उनका संपर्क हो पाया। हालांकि यहां लोगों ने लाखों गंवाए हैं, समय के साथ उनके जख्म भर रहे हैं। बहुत से लोगों ने नये सिरे से रोजी-रोटी के रास्ते खोले हैं, लेकिन सरकार के मुआवजे के दावे और निर्दोष लोगों को न्यायिक सहयोग में आप सरकार की निर्ममता और लापरवाही केंद्र सरकार से कम नहीं हैं। न्याय की बात हो या राहत की या लोगों की नफरत मिटा कर सौहार्द के प्रयास की-तीनों कार्य राज्य की सरकार की जिम्मेदारी थे। वो मुकदमों के तेजी से निबटारे और दोषियों को सजा के लिए भी दबाव बना सकती थी, लेकिन आप सरकार इन सभी मुद्दों से मुंह मोड़े रही।

**-पंकज चतुर्वेदी-**

# देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला बुलेट ट्रेन रूपी इंजन है यूपी

भारतीय अर्थव्यवस्था भारत के 28 राज्य 8 केंद्रशासित प्रदेशों की आर्थिक क्षमता का प्रतिनिधित्व करती है। भारतीय अर्थव्यवस्था 3-7 ट्रिलियन डॉलर का स्तर पार कर चुकी है जिसमें 15.7 प्रतिशत के योगदान के साथ महाराष्ट्र प्रथम स्थान पर है तथा 9.2 प्रतिशत के योगदान के साथ उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है।यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश राज्य आर्थिक दृष्टिकोण से देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला बुलेट ट्रेन रूपी इंजन है।उत्तर प्रदेश राज्य से देश की राजनीति का सीधा संबंध है क्योंकि लोक सभा में राज्यों में सर्वाधिक सीटें उत्तर प्रदेश की हैं परंतु 2017 से जब से प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनी है तब से देश की आर्थिक गतिविधियों के केंद्र में प्रदेश आ गया है। 2018 में यूपी इन्वेस्टर्स समिट के सफल आयोजन के साथ ही 2020 में 11वें डिफेंस एक्स्पो का सफल आयोजन राज्य में कराया गया। दिल्ली को छोड़ दिया जाए तो उत्तर प्रदेश में पहली बार किसी राज्य में डिफेंस एक्स्पो का आयोजन हुआ था। कोविड महामारी की आपदा के दौरान प्रधानमंत्री के आपदा में अवसर के मंत्र ने उत्तर प्रदेश को नई ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। उत्तर प्रदेश सैनेटाइजर उत्पाद से लेकर सर्वाधिक कोविड वैक्सिनेशन करने वाला देश का पहला राज्य बना। 2023 में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हुआ। 2024 में देश ने जी-20 सम्मेलन की अध्यक्षता की।इस अवसर का लाभ उत्तर प्रदेश राज्य ने आर्थिक-सांस्कृतिक, दोनों दृष्टि से खूब उठाया। सांस्कृतिक शहरों वाराणसी, लखनऊ, आगरा जैसे शहरों में निवेशकों को निवेश के बेहतर विकल्प मिले तो पर्यटन, खानपान, लोक कलाओं और ओडीओपी योजना में शामिल उत्पादों को उपहारस्वरूप भेंट देकर निवेशकों का मन जीता तो वहीं प्रदेश के आर्थिक हब ग्रेटर नोएडा में सम्मेलन का



आयोजन कर उत्तर प्रदेश की आर्थिक क्षमता से भी निवेशकों का परिचय कराया।22 जनवरी, 2024 की तारीख पुनः उत्तर प्रदेश को देश के केंद्र में ला खड़ा करती है, मौका था भव्य राम मन्दिर के उद्घाटन का। संपूर्ण अयोध्या नगरी का कायाकल्प हो गया। सड़कों से लेकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक, रेलवे स्टेशन से लेकर बस स्टैंड तक, सड़कों के चौड़ीकरण से लेकर, भव्य चौराहों के निर्माण तक, सीवर लाइन से लेकर बिजली की व्यवस्था तक, धार्मिक स्थलों के कायाकल्प से लेकर, रोजगार, सुरक्षा, पर्यटन और स्वच्छता के क्षेत्र में, जो नये-नये कीर्तिमान रचे गए, उसका साक्ष्य प्रदेश की 24 करोड़ जनता बनी। असंख्य श्रद्धालु आज लाखों की संख्या में अयोध्या पहुंच रहे हैं, और देश के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान सुनिश्चित करा रहे हैं।आज प्रदेश अपने सु-शासन, जीरो टॉलरेंस ऑफ करप्शन तथा महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर अपनी छवि को सकारात्मक कर चुका है, जिसका परिणाम है कि स्थल अवरुद्ध राज्य होने के बाद भी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना का संचालन हो या भारत की पहली फिल्म सिटी का निर्माण हो या प्रधानमंत्री मित्र योजना में शामिल 7 राज्यों में उत्तर प्रदेश का शामिल होना हो या सैमसंन कंपनी द्वारा विश्व की सबसे बड़ी मोबाइल मैन्युफैक्करिंग हब का नोएडा में स्थापित होना हो, उत्तर प्रदेश सर्वोत्तम प्रदेश के नये परसेप्शन के साथ आगे बढ़ रहा है।आज उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री के डिजिटल भारत के सपने को व्यावहारिक पटल पर स्वीकार्य बना रहा है। यूपी कृषि प्रधान तथा एमएसएमई प्रधान राज्य तो है ही वह दिन दूर नहीं जब यह सेवा प्रधान राज्य भी होगा। इसकी शुरुआत योगी सरकार द्वारा प्रदेश के 5 जिलों को पंच प्राण' के रूप में विकसित करने से हुई है। कानपुर को रोबोटिक्स व ड्रोन सिटी के रूप में, लखनऊ को र्आिटफशियल इंटेलिजेंस सिटी के रूप में, नोएडा को सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवा सिटी के रूप में तथा वाराणसी, प्रयागराज को इंजीनियरिंग अनुसंधान व विकास सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है जो दर्शाता है कि वर्तमान-भविष्य में जिन सेवाओं, तकनीकों व अनुसंधानों की जरूरत होगी उनकी तैयारी के लिए प्रदेश ने कमर कस ली है।आज उत्तर प्रदेश की पहचान निवेश फ्रेंडली, टूरिज्म फ्रेंडली, कनेक्टिविटी फ्रेंडली, महिला सुरक्षा फ्रेंडली स्टेट के रूप में हो चुकी है जिसके चलते प्रदेश आर्थिक महाशक्ति के रूप में अपना वर्चस्व स्थापित कर रहा है, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण 2025-25 का प्रदेश सरकार का 7-36 लाख करोड़ रु पये का वार्षिक बजट है जो पूर्व की सपा सरकार के बजट का दोगुना तथा भारत के सभी राज्यों की तुलना में सर्वाधिक है। 2016-17 में प्रदेश की जीडीपी 12-75 लाख करोड़ रुपये की थी जो 2024-25 में बढ़कर 25 लाख करोड़ रु पये के स्तर को पार कर चुकी है। उत्तर प्रदेश ने 5 वर्षो में अपनी जीडीपी को दो गुना कर लिया है, जो प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**-डॉ. शीलवन्त सिंह-**

## कविता
## भोले भाग जगाए

घटती-घटना



कार्तिकेय कुमार
गांधीनगर,इंदौर
मध्यप्रदेश

भोले भाग जगाएं
अभी-अभी तो भोले आए,
हम सोते थे भाग जगाए,
माना भक्ति में थोड़े कम,
देख भोले को आएगा दम।
अभी-अभी तो ....
मन के विकार नाश हो जाएं,
और संबल मन का बढ़ जाए,
नहीं निराशा के पल हो,
पल-पल जीवन सुगम हो जाए।
अभी-अभी....
हर राहें मन की नहीं होती,
सद्कर्मों से सुगम बनाएं,
भोले तो सबके रक्षक हैं,
हर पल उनका साथ बनाएं।
अभी-अभी....
अहं,मोह की भागीदारी,
का साथ नहीं होने पाए,
मोह बढालें बस भोले से,
जन-जीवन मुस्काता जाए।
अभी-अभी ....
लगा हुआ मेला प्रयाग में,
जन-मन सब हर्षाएं,
भोले की सुधियां हम लेकर,
मन भर खुशी मनाएं।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# भाजपा की ओर से मंजूषा भगत व कांग्रेस से पुनः डॉ. अजय तिर्की महापौर प्रत्याशी

## दोनों दल के महापौर प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल





- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा व कांग्रेस ने महापौर प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। भाजपा ने मंजूषा भगत को प्रत्याशी बनाया है। वहीं कांग्रेस ने इस बार फिर लगातार तीसरी बार डॉ. अजय तिर्की पर उम्मीद जताया है। भाजपा प्रत्याशी मंजूषा भगत ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अजय तिर्की ने भी अपने नेताओं के साथ पहुंचकर नामांकन दाखिल किया है।

अंबिकापुर. अंबिकापुर नगर पालिका निगम कि भाजपा महापौर प्रत्याशी मंजूषा भगत में सोमवार को कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल,लूंड्रॉ विधायक प्रबोध मिंज, भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, ओबीसी मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, पूर्व सांसद कमलभान सिंह , युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय तोमर, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता तथा जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। आज संकल्प भवन भाजपा कार्यालय से केबिनेट मंत्री राम विचार नेताम के नेतृत्व में रैली के रूप में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का दल मेयर प्रत्याशी मंजूषा भगत का नामांकन दाखिल करने कलेक्ट्रेट पहुंचा। वहां भाजपा वरिष्ठ नेताओं द्वारा निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर श्री नायक को नामांकन पत्र सौंपा गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा की तरह निगम चुनाव में भी इस बार हम भारी बहुमत से जीतकर अपनी सरकार बनाएंगे, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन पर जनता अवश्य मुहर लगाएगी। इस अवसर पर महापौर प्रत्याशी श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि पार्षद के रूप में मैंने आम जनों की बहुत सेवा की है अब जनता जनार्दन से बिनती है कि मुझे महापौर के रूप में सेवा का एक अवसर दें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार अंबिकापुर नगर के विकास को लेकर संकल्पित है। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार बंसल, अभिषेक शर्मा, आलोक दुबे, रूपेश दुबे, निश्चल प्रताप सिंह, अनिल जायसवाल, रिंकू वर्मा, रविंद्र तिवारी, संजीव वर्मा सहित बड़ी संख्या में बीजेपी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डॉ. अजय तिर्की ने भी नामांकन किया दाखिल

कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी डॉ. अजय तिर्की ने भी सोमवार को नामांकन का एक सेट दाखिल किया है। वह शनिवार को नामांकन पत्र खरीदा था। नामांकन दाखिल के दौरान डॉ. अजय तिर्की के साथ कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। वहीं उम्मीद जताई जा राही है कि दोनों दल के प्रत्याशियों ने मंगलवार को शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन का दूसरा सेट दाखिल करेंगे।

### नगर पंचायत लखनपुर व सीतापुर के लिए अध्यक्ष उम्मीदवार सावित्री व नखिल

भाजपा ने नगर पंचायत सीतापुर व नगर पंचायत लखनपुर के शेष भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। भाजपा जिला संवाद प्रमुख संतोष दास व रूपेश दुबे ने बताया कि पार्टी ने नगर पंचायत लखनपुर के लिए अध्यक्ष पद हेतु सावित्री साहू को प्रत्याशी बनाया है तथा सीतापुर नगर पंचायत के लिए अध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने निखिल राज सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत सीतापुर के बचे हुए पार्षद प्रत्याशियों में वार्ड क्रमांक 1 से आशुतोष मिंज, क्रमांक 3 से संध्या जायसवाल, वार्ड क्रमांक 4 से प्रीति सिंह, क्रमांक 7 से लाली बाई, क्रमांक 10 से नीरू मिस्त्री तथा वार्ड क्रमांक 9 से चितरंजन को बनाया गया है। जबकि नगर पंचायत लखनपुर के वार्ड क्रमांक 8 से गायत्री अग्रवाल को पार्षद घोषित किया है।





### दोनों प्रत्याशी दूसरी बार पुनःहोंगे आमने-सामने

वर्ष 2014 के नगर निगम चुनाव में भाजपा ने महापौर प्रत्याशी के रूप में मंजूषा भगत को मैदान में उतारा था। जबकि कांग्रेस की ओर से डॉ. अजय तिर्की चुनाव मैदान में थे। उस समय भाजपा प्रत्याशी मंजूषा भगत को हार का सामना करना पड़ा था। वहीं वर्ष 2019 में महापौर का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से हुआ था। वर्ष 2025 के होने वाले चुनाव में भाजपा ने पुनः महिला प्रत्याशी मंजूषा भगत पर भरोसा जताया है। जबकि कांग्रेस ने तीसरी बार भी डॉ. अजय तिर्की पर उम्मीद जताया है।

### भाजपा की ओर से 48 वार्डों के पार्षद उम्मीदवार

नगर निगम अंबिकापुर के 48 वार्डों में के लिए भाजपा पार्षद प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी है। वार्ड क्रमांक 1 से कमलेश तिवारी, वार्ड क्रमांक 2 से सुशांत घोष, वार्ड क्रमांक 3 से निरंजन राय, वार्ड क्रमांक 4 से विनय प्रभा, वार्ड क्रमांक 5 से डॉक्टर शिवमंगल सिंह, वार्ड क्रमांक 6 से आलोक दुबे, वार्ड क्रमांक 7 से विपिन कुमार पांडेय, वार्ड क्रमांक 8 से प्रमेश सिंह नेताम, वार्ड क्रमांक 9 से रविकांत उरांव, वार्ड नंबर 10 से संजीता खलखो, वार्ड क्रमांक 11 से आभा कुजूर, वार्ड क्रमांक 12 से मनोज गुप्ता, वार्ड क्रमांक 13 से किरण सिंह तोमर, वार्ड क्रमांक 14 से अनीता रविंद्र भारती, वार्ड क्रमांक 15 से मनीष सिंह, वार्ड क्रमांक 16 से लवली ताम्रकार, वार्ड क्रमांक 17 से सुमन कंसारी, वार्ड क्रमांक 18 से चंद्रावती कुशवाहा, वार्ड नंबर 19 से विनोद वार्मा, वार्ड क्रमांक 20 से हरमिंदर सिंह टिन्नी, वार्ड क्रमांक 21 से विमला सोनी, वार्ड क्रमांक 22 से श्वेता गुप्ता, वार्ड क्रमांक 23 से जितेंद्र सोनी, वार्ड नंबर 24 से विजय सोनी, वार्ड क्रमांक 25 से पूनम मिश्रा, वार्ड क्रमांक 26 से विशाल गोस्वामी, वार्ड नंबर 27 से टिन्नी बाबरा, वार्ड नंबर 28 से दीपक यादव, वार्ड क्रमांक 29 से विकास पांडेय, वार्ड क्रमांक 30 से शशिकांत जायसवाल, वार्ड नंबर 31 से विकास वर्मा, वार्ड नबर 32 से शुभ्रा सोनी, वार्ड क्रमांक 33 से संगीता सोनकर, वार्ड क्रमांक 34 से राहुल त्रिपाठी, वार्ड क्रमांक 35 से सुषमा गुप्ता, वार्ड क्रमांक 36 से अमरजीत सिंह छाबड़ा, वार्ड नंबर 37 से प्रियंका गुप्ता, वार्ड क्रमांक 38 से शुभम अग्रवाल, वार्ड क्रमांक 39 से विशेष केसरवानी, वार्ड क्रमांक 40 से नितिन गुप्ता, वार्ड क्रमांक 41 से अजय सारथी, वार्ड क्रमांक 42 से वसीम अंसारी, वार्ड क्रमांक 43 से ममता तिवारी, वार्ड नंबर 44 से किरण साहू, वार्ड क्रमांक 45 से अशोक सोनवानी, वार्ड क्रमांक 46 से सालेम केरकेट्टा, वार्ड क्रमांक 47 से संतोला सिंह तथा वार्ड क्रमांक 48 से पवन हिमांशु भगत को भाजपा पार्षद प्रत्याशी बनाया गया है।

# 34.5 लीटर यूपी के अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस घोषित किया गया था। इसके बावजूद भी अवैध शराब की बिक्री की जा रही थी। रविवार को संभागीय आबकारी की टीम ने 34.5 लीटर अवैध अंग्रजी शराब के साथ सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा यूपी से शराब लाकर अंबिकापुर में खपाया जा रहा था। टीम ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि रोशन गुप्ता द्वारा दूसरे प्रदेश से शराब लाकर अवैध करोबार किया जा रहा है। शुष्क दिवस पर आबकारी उडनदास्ता टीम के आरक्षक ने रोशन गुप्ता के मोबाइल पर फोन कर शराब की मांग की थी। रोशन गुप्ता कार से शराब आपूर्ति करने पहुंचा था। जहां टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा है। टीम ने उसके कार से उत्तर प्रदेश राज्य कुल 34.05 लीटर अवैध अंग्रजी शराब जब्त किया है। टीम ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(क) 34 (2)36 एवं 59(क) के तहत गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

# बकरा चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

बकरा चोरी के मामले में लुण्ड्रा थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के



खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार मनोहर नागेश लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम डडग़ांव का रहने वाला है। वह 26 जनवरी की सुबह अपने घर के पास बाड़ी में एक नग बकरा चरने के लिए रस्सी से बांधा था। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा बकरे की चोरी कर ली गई। मनोहर ने मामले की रिपोर्ट लुण्ड्रा थाना में दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी कलम साय उम्र 40 वर्ष साकिन डडग़ांव थाना लुन्ड्रा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चोरी की बकरा भी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# प्रयागराज से लौट रहे युवकों से लूटी कार,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।




शहर के गांधी चौक के पास 25 जनवरी की रात करीब 1.30 बजे अज्ञात युवक ने कार लूटकर फरार हो गया था। कार में कई लोग सवार थे। सभी महाकंभ प्रयागराज से लौट रहे थे और अंबिकापुर के रास्ते बस्तर जा रहे थे। कार सवार की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार पूनम दास पांडेय बस्तर जिले के भानपुरी थाना के ग्राम जड़ीपारा के रहने वाला है। वह अन्य साथियों के साथ कार क्रमांक सीजी 04 पीएफ 3364 से प्रयागराज महाकंभ में गया था। 24 जनवरी को सभी वाहां से अपने घर के लिए लौट रहे थे। 25 जनवरी की रात करीब 1.30 बजे अंबिकापुर गांधीचौक के पास पहुंचे ही थे कि कार अन्य गाड़ी से जाकर सट कई। इससे उक्त वाहन में खरोच आ गया था। इस दौरान दोनों वाहन चालकों के बीच बातचीत हो ही रहा था कि तभी एक अज्ञात युवक आया और धमकाते हुए कार की चाभी मांगने लगा। इस दौरान कार चला रहा पूनम पांडेय कार में बैठने की कोशिश की तभी अज्ञात युवक ने धक्का मारकर कार की चाभी छीन ली और कार स्टार्ट कर फरार हो गया। कार सवार लोगों ने दौड़ाकर पीछा किया पर वह तेज रफ्तार में भाग गया। कार में ही प्रार्थी पूनम पांडेय का मोबाइल भी था। वह अपने साथियों के साथ गांधीनगर थाना पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की उक्त कार रेलवे स्टेशन स्थित पार्किंग में खड़ी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार को जब्त किया और आरोपी मित्तल सिंह उर्फ मित्तल नामदेव उम्र 22 साल निवासी माखन बिहार के पीछे थाना गांधीनगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 309(4) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# कांग्रेस नेता विजय सोनी व सूर्य प्रकाश साहू ने किया भाजपा में प्रवेश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद विजय सोनी तथा पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिला अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू ने सोमवार को संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय तोमर, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा, तथा पूर्व नगर निगम सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा की उपस्थिति में अपने समर्थकों सहित भाजपा में प्रवेश किया। भाजपा नेताओं ने सभी का भाजपा का गमछा पहनकर स्वागत किया। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस नेता विजय सोनी एवं सूर्य प्रकाश साहू सहित सभी प्रवेशियों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस की गलत नीतियों से त्रस्त होकर तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन से प्रभावित होकर लोग कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आ रहे हैं, हम इनका स्वागत करते हैं, इन सभी के आने से भाजपा मजबूत होगी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के पूर्व पार्षद विजय सोनी एक लोकप्रिय जनपद प्रतिनिधि तथा समाज सेवी रहे हैं। वहीं दूसरी और कांग्रेस नेता सूर्य प्रकाश साहू एक समाजसेवी संस्था अनोखी सोच के अध्यक्ष है, जिनके नेतृत्व में संस्था ने कोविड काल में सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया था। भाजपा प्रवेश करने वालों में किरण साहू, दिनेश गर्ग, पंकज चौधरी, संजू चटर्जी, विशाल साहू दशरथ साहू, सोनिया साहू, सितारा सोनवानी, नीतू गोयल, रीना साहू शांता केरकेट्टा, कमलमनी मुंडा, शीला साहू, अंजू साहू, चंदा साहू, दिव्या दुबे, रीता मिश्रा एवं छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पूर्व कप्तान कार्तिक शर्मा शामिल थे। इस अवसर पर जिला महामंत्री देवनाथ सिंह पैकरा, विनोद हर्ष, विद्यानंद मिश्रा, जन्मजय मिश्रा, निश्चल प्रताप सिंह, प्रयाग राज साहू, अभय साहू, वेदांत तिवारी, अजय सोनी, शंभू सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






# पाकिस्तान में एलपीजी से भरे टैंकर में हुआ विस्फोट,हादसे में 6 लोगों की मौत,31 घायल



**लाहौर,27 जनवरी 2025।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के एक औद्योगिक क्षेत्र में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस से भरे एक टैंकर में विस्फोट हो गया। इस दौरान हादसे में एक नाबालिग लड़की सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 31 अन्य घायल हो गए। जिसमें से 13 की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना की जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी।

बचाव अधिकारियों के अनुसार, यह घटना मुल्तान के हामिदपुर कनोरा इलाके में औद्योगिक एस्टेट में हुई। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को एलपीजी टैंकर में विस्फोट होने से भीषण आग लग गई, जिसके कारण क्षतिग्रस्त वाहन का मलबा आस-पास के रिहायशी इलाकों में जा गिरा, जिससे काफी नुकसान हुआ।

### पंजाब प्रांत में हुआ ख़ाका टैंकर में ब्लास्ट

बचाव अधिकारियों ने बताया कि दस से ज़्यादा अग्निशमन वाहनों और फोम आधारित अग्नि शमन यंत्रों की मदद से कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

शुरू में बताया गया था कि इस घातक विस्फोट में कुल पाँच लोगों की मौत हो गई है। हालाँकि, बचाव अधिकारियों द्वारा विस्फोट से क्षतिग्रस्त हुए एक घर से एक और शव बरामद किए जाने के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई।

पुलिस ने बताया कि विस्फोट स्थल के आसपास के कम से कम 20 घर पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गए, जबकि 70 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए।मुल्तान के सिटी पुलिस अधिकारी (सीपीओ) सादिक अली ने जियो न्यूज को बताया कि आग में कई घर नष्ट हो गए और मवेशी भी मारे गए।

### पूरे क्षेत्र में फैली गैंस की गंध

उन्होंने कहा कि औद्योगिक एस्टेट में खड़े टैंकर ट्रक के एक वाल्व से गैस लीक हो रही थी। उन्होंने कहा कि टैंकर में विस्फोट होने से पहले ही गैस की गंध आने पर इलाके में मौजूद कुछ लोग बाहर निकल गए थे।

अली ने आगे बताया कि टैंकर से गैस का रिसाव जारी है, जिसके कारण अधिकारियों को इलाके को खाली कराना पड़ा। घायलों में से 13 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जिला आपातकालीन अधिकारी ने पुष्टि की कि निश्तार अस्पताल में आपातकाल घोषित कर दिया गया है, जहाँ घायलों का इलाज चल रहा है।

सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आस-पास के इलाकों में तलाशी अभियान जारी है। एहतियात के तौर पर इलाके में बिजली और गैस की आपूर्ति रोक दी गई है, हालांकि मुल्तान-मुजफ्फरगढ़ रोड को अब यातायात के लिए खोल दिया गया है।

# पुतिन के करीबी अलेक्जेंडर लुकाशेंको सातवीं बार बने बेलारूस के राष्ट्रपति

## चुनाव की निष्पक्षता पर उठे सवाल

**मिंस्क, रॉयटर्स, 27 जनवरी 2025।** रूस के सहयोगी अलेक्जेंडर लुकाशेंको सोमवार को फिर से बेलारूस के राष्ट्रपति चुने गए हैं। वह वर्ष 1994 से इस पद पर बने हुए हैं। पश्चिमी देशों ने इस चुनाव को दिखावा करार दिया है।

देश के केंद्रीय चुनाव आयोग के प्रमुख इगोर कारपेंको ने सोमवार तड़के कहा कि हमने राष्ट्रपति चुन लिया है। आयोग के आधिकारिक अकाउंट पर जारी प्रारंभिक परिणामों के अनुसार, लुकाशेंको ने 86.8 प्रतिशत वोट प्राप्त किए।



### विपक्ष में थे 4 उम्मीदवार

उनके खिलाफ चार अन्य उम्मीदवार मौजूद थे। इनमें सर्गेई सिरानकोव, ओलेग गाइदुकेविच, अन्ना कानोपत्सकाया और अलेक्जेंडर खिज्न्याक शामिल थे जिन्हें क्रमशः 3.21 प्रतिशत, 2.02 प्रतिशत, 1.86 प्रतिशत और 1.74 प्रतिशत वोट हासिल हुए।

यहां हर पांच साल में चुनाव होते हैं। राष्ट्रपति प्रत्यक्ष चुनाव के माध्यम से चुना जाता है और 50 प्रतिशत से अधिक वोट जीतने वाला उम्मीदवार विजेता घोषित होता है।

यूरोपीय देशों ने परिणाम सामने आने के बाद कहा कि मतदान न तो स्वतंत्र है और न ही निष्पक्ष, क्योंकि पूर्व सोवियत गणराज्य में स्वतंत्र मीडिया पर प्रतिबंध है और सभी प्रमुख विपक्षी हस्तियों को या तो जेल में डाल दिया गया है या विदेश भागने के लिए मजबूर कर दिया गया है।

### अमेरिकी महिला रिहा

बेलारूस में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ही अमेरिकी महिला अनास्तासिया नुफर को रिहा कर दिया गया। महिला की गिरफ्तारी 2020 में चुनाव के बाद हुई प्रदर्शनों से जुड़ी है। उसे बाइडन प्रशासन के वक्त ही हिरासत में लिया गया था। बताया जा रहा है कि महिला को रिहा करने की पेशकश खुद राष्ट्रपति लुकाशेंको ने की थी।



बता दें कि 2020 में जब बेलारूस में राष्ट्रपति चुनाव हुए थे, तब मतदान में धांधली के आरोप लगाते हुए लोगों ने बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान हजारों लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। इनमें से कई लोग अभी भी हिरासत में हैं।

### 5 साल का होता है कार्यकाल

बेलारूस में राष्ट्रपति का कार्यकाल 5 साल का होता है। 2022 में संविधान में संशोधन कर दो कार्यकाल की सीमा लागू कर दी गई है। यह इस चुनाव के बाद से प्रभावी हो जाएगी।

बेलारूस में पिछला चुनाव 9 अगस्त 2020 को हुआ था, जिसमें अलेक्जेंडर लुकाशेंको को 80.1 फीसदी वोट मिले थे।

# पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर बढ़ रहे अत्याचार,चरमपंथियों ने अहमदी समुदाय की 40 कब्रों को पहुंचाया नुकसान

**लाहौर,27 जनवरी 2025।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले जारी हैं। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अहमदिया समुदाय से जुड़ी 40 कब्रों को चरमपंथियों ने नुकसान पहुंचाया है। जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान ने कहा कि अहमदियों को निशाना बनाने के लिए आपत्तिजनक शेखूपुरा में उनके घरों के बाहर आपत्तिजनकर बातें भी लिखी गई हैं।

इसके पीछे तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के सदस्यों का हाथ माना जा रहा है। पुलिस ने कहा कि वह अहमदी समुदाय के कब्रिस्तानों को निशाना बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

### अहमदी कब्रिस्तानों में तोड़फोड़



हालांकि, जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि पुलिस जानबूझकर लापरवाही बरत रही है। पिछले साल पाकिस्तान में विशेषकर पंजाब प्रांत में चरमपंथियों द्वारा दर्जनों अहमदी कब्रिस्तानों में तोड़फोड़ की गई थी, लेकिन पुलिस ने अपराध में शामिल एक भी संदिग्ध के खिलाफ कार्रवाई नहीं की।

### हमेशा निशाने पर ये समुदाय

गौरतलब है कि पाकिस्तान में रहने वाले अहमदी समुदाय के लोग भी खुद को मुसलमान मानते हैं। हालांकि, पाकिस्तान सुन्नी मुस्लिम बाहुल देश है। ऐसे में अहमदिया वहां अल्पसंख्यक हैं। अहमदिया मुसलमानों की ज्यादा संख्या पंजाब के क्षेत्र में है। पाकिस्तान में कट्टरपंथी विचारधारा के लोग अहमदिया समुदाय के खिलाफ रहते हैं।

### पहले भी हुए हैं हमले

पाकिस्तान में हमेशा अहमदिया समुदाय पर हमलों की खबरें आती रहती हैं। कई बार उनके घरों को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश कट्टर विचारधारा के लोगों की ओर से की जाती है। पिछले कुछ समय में कई बार उनके कब्रों को नुकसान पहुंचाया गया है। सबसे खास है कि पुलिस हमेशा कार्रवाई की मांग करती है, लेकिन अभी तक कुछ खास कार्रवाई नहीं की गई है।

# धान खरीदी की तिथि 10 फरवरी तक बढ़ाने की मांग

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,27 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।** धान खरीदी सत्र 2024-25 के अंतिम 5 दिनों में समितियों से टोकन जारी नहीं होने के कारण किसान धान नहीं बेच पा रहे हैं। समितियों से किसानों को यह जानकारी दी जा रही है कि टोकन जारी करने वाले सिस्टम में 27,28,29 को अवकाश प्रदर्शित हो रहा है। इस कारण टोकन जारी नहीं हो पाएगा। 31 जनवरी को धान खरीदी का अंतिम दिन है। इस प्रकार से 30 और 31 जनवरी को ही टोकन जारी हो पाएंगे। ऐसे में खरीदी केंद्रों पर होने वाली अव्यवस्था अकल्पनीय होगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने यह आरोप लगाया है कि सरकार सुनियोजित तरीके से धान खरीदी से पीछे हट रही है। सत्ता प्राप्त करने के बाद दूसरे साल में ही धान खरीदी के मोदी की गारंटी को सरकार अप्रासंगिक बना रही है। भाजपा एकमुश्त 3100 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी की घोषणा भूल चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि इस पूरे सत्र में धान खरीदी से बचने के लिए सरकार ने खरीदी में तरह तरह के अड़ंगे लगाये। खरीदी सत्र के अंतिम 5 दिनों में से 3 दिन अवकाश घोषित कर टोकन जारी नहीं किया जाना इसी प्रयास की एक कड़ी है। उन्होंने किसानों के हित में धान खरीदी की तारीख 10 फरवरी तक बढ़ाने की मांग की है।

# नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय स्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी

## पीठासीन अधिकारी,मतदान दल सहित अन्य निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारियों को निर्धारित तिथि में दिया जाएगा प्रशिक्षण

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,27 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत विभिन्न निर्वाचन कार्यों के संपादन हेतु नियुक्त अधिकारियों तथा मतदान दल ,पीठासीन अधिकारी,मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्य हेतु निर्धारित तिथि अनुसार निर्धारित स्थल पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें मास्टर ट्रेनरर्स का प्रशिक्षण जिला पंचायत सभा कक्ष में 28 जनवरी को 11:00 बजे से, सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण जिला पंचायत सभा कक्ष में 31 जनवरी को 11:00 बजे से एवं पोस्टल बैलेट एवं ईडीसी हेतु प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 31 जनवरी को 3:00 बजे से संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशिक्षण दी जाएगी ।

इसी तरह जनपद स्तरीय प्रशिक्षण लखनपुर में आयोजित की जाएगी। जिसमें पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी एक का प्रशिक्षण प्रथम चरण का शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर में 03 फरवरी को 10:00 बजे से, मतदान अधिकारी दो एवं मतदान अधिकारी तीन का प्रशिक्षण प्रथम चरण का शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर में 3 फरवरी को 2:00 बजे से आयोजित होगी। मतदान अधिकारी तीन का प्रशिक्षण महिला कर्माचरियों का जनपद पंचायत लखनपुर के सभाकक्ष में 5 फरवरी को 11:00 बजे से, पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी एक का प्रशिक्षण द्वितीय चरण शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर में 9 फरवरी को 10:00 बजे से, मतदान अधिकारी दो एवं मतदान अधिकारी तीन का प्रशिक्षण द्वितीय चरण शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर में ,9 फरवरी को 2:00 बजे से, वाहन/रूट प्रभारियों का प्रशिक्षण जनपद पंचायत लखनपुर के सभाकक्ष में 11 फरवरी को 11:00 बजे से, पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी एक का प्रशिक्षण तृतीय चरण शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर में 15 फरवरी को 10 बजे से, मतदान अधिकारी दो एवं मतदान अधिकारी तीन का प्रशिक्षण तृतीय चरण शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर में 15 फरवरी को 02:00 बजे से, सारणीकरण अधिकारी एवं अन्य तकनीकी कार्यों का प्रशिक्षण जनपद पंचायत लखनपुर के सभाकक्ष में 15 फरवरी को 11:00 बजे से, सामग्री वितरण एवं संग्रहण हेतु कर्मचारियों का प्रशिक्षण जनपद पंचायत लखनपुर के सभाकक्ष में 15 फरवरी को 03:00 बजे से एवं सिलिंग अधिकारियों/कर्मचारियों का प्रशिक्षण जनपद पंचायत लखनपुर के सभाकक्ष में 15 फरवरी को 3 बजे से संबंधित अधिकारी,कर्मचारी निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025

# सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित





- » सेक्टर अधिकारी सौंपे गए कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण जवाबदेही के साथ करेःकलेक्टर
- » सेक्टर अधिकारियों ने निर्वाचन प्रक्रियाओं को हैंड्स ऑन कर समझा

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,27 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।** जिला पंचायत सभा कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोसकर की उपस्थिति में आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत ई.व्ही.एम. तथा मतपत्र से मतदान कराने, मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मतदान दलों के रवाना होने से लेकर मतदान प्रक्रिया, सीलिंग प्रक्रिया, मतगणना के संबंध में सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री आरके मिश्रा, श्री एसएन पांडे, श्री दीपक कुमार, श्री अनिल सिन्हा द्वारा निर्वाचन प्रक्रियाओं की बिंदुवार जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन नोडल अधिकारी श्री गिरीश गुप्ता एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने निर्वाचन कार्य को सुचारू रूप से संचालन करने एवं चुनावी प्रबंधन की बारीकियों को समझने आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित हर पहलुओं को समझने कहा। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को सौंपे गए कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण जवाबदेही के साथ करने कहा। साथ ही मास्टर ट्रेनरों को हैंड्स ऑन कर निर्वाचन प्रक्रियाओं को अवगत कराने कहा।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने मतदान दिवस पूर्व वितरण केंद्र से सामग्री प्राप्त करना, मानक सूची अनुसार सम्पूर्ण सामग्री का मिलान करना, मतपेटी को खोलने व बंद करने की प्रक्रिया, निविद्त मत पत्र, पेपर सील, मत पत्रक, एड्रेस टैग, सुभेदक मोहर, विभिन्न प्रारूप को त्रुटि शुद्ध भरने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मतदान केंद्र पहुंचने, मतदान दिवस एवं वापसी में किन बातों को ध्यान रखना चाहिए इसके बारे में बताया गया। मतदान दिवस पीठासीन अधिकारी की भूमिका, मतदान केंद्र पर व्यवस्था, केंद्र में प्रवेश की अनुमति, निर्धारित समयावधि में रिपोर्ट प्रेषित करना, मतपत्र के रंग, मतदान के समय निर्मित होने वाली विभिन्न परिस्थितियां, मतपेटी को मुहर बंद करने की प्रक्रिया, मतदान समाप्ति पर ध्यान देने योग्य बातें, मतपत्र लेखा, पीठासीन की डायरी को भरने समय बरती जाने वाली सावधानियां के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

मास्टर ट्रेनरों ने सेक्टर अधिकारियों के आवश्यक टूल्स की जानकारी दी गई जिसमें अपने प्रभार के मतदान मतदान की सूची, रूट चार्ट, आरओ, एआरओ, डीईओ सहित संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों का मोबाइल नंबर, प्रभार के मतदान दलों का नंबर, सभी आवश्यक निर्देशिका, निरीक्षण प्रतिवेदन प्रपत्र एक एवं दो, प्रपत्र 3 की जानकारी की आवश्यक होना चाहिए। निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में कंट्रोल यूनिट एवं बैलेट यूनिट को हैंड्स ऑन भी कराया गया। सेक्टर अधिकारियों ने स्वयं हैंड्स ऑन कर मशीन के हर पहलुओं को समझ कर संदेह दूर किया।

## जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन की अधिसूचना जारी

# नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन 41 नामांकन पत्र किए गए क्रय

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,27 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।** जिला पंचायत के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया सोमवार को शुरू हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ( पंचायत) श्री विलास भोसकर ने छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 28 के तहत अधिसूचना जारी कर दी है। चुनाव प्रक्रिया के तहत नामांकन से लेकर मतगणना और परिणाम घोषित करने की तिथियां तय कर दी गई हैं। जिसके तहत आज नाम निर्देशन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। जिला





कलेक्टरेट के जनसूचना अधिकारी कक्ष में जिला पंचायत सदस्य हेतु रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) श्री विनय कुमार अग्रवाल द्वारा नामांकन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाम निर्देशन के पहले दिन जिला 41 नामांकन पत्र क्रय किए गए तथा आज दिनांक में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया है। बता दें नामांकन प्रक्रिया 3 फरवरी 2025 को अपराह्न 3 बजे जनसूचना अधिकारी कक्ष में पूरी होगी, जबकि नामांकन की संवीक्षा इसी कक्ष में 4 फरवरी को सुबह 10 बजे से होगी। अभ्यर्थी 6 फरवरी को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम चरण का मतदान 17 फरवरी, द्वितीय चरण का मतदान 20 फरवरी तथा तृतीय चरण का मतदान 23 फरवरी को होगा। मतगणना मतदान के तुरंत बाद संबंधित मतदान केंद्रों पर की जाएगी। प्रथम चरण का परिणाम 20 फरवरी, द्वितीय चरण का परिणाम 23 फरवरी, तृतीय चरण का परिणाम 25 फरवरी को जिला मुख्यालय में ही घोषित किया जाएगा।

# 28 को करेंगे भाजपा पार्षद प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,27 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।** अंबिकापुर नगर निगम भाजपा पार्षद प्रत्याशियों के नाम घोषित होने के पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने सभी पार्षद प्रत्याशियों से अपील किया है कि नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए दिनांक 28 जनवरी समय प्रातः 10:00 बजे खरसिया रोड स्थित अग्रसेन भवन के पास जमा होंगे।



उन्होंने बताया कि भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता के साथ सभी पार्षद प्रत्याशी रैली के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे और अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

# क्या जिला पंचायत के चुनावी मैदान से पीछे हटेगी विधायक की बी टीम?

आशीष डबरे एवं आशा महेशसाहू को माना जाता है बी टीम का हिस्सा

पिछले जनपद चुनाव में हुआ था साठगांठ,भाजपा की सौभाग्यवती बनी थीं जनपद अध्यक्ष,कांग्रेस की आशा महेश साहू बनी थीं उपाध्यक्ष

इस बार आशा महेश साहू जिला पंचायत सदस्य के लिए कर रही थी दावेदारी,लेकिन उसी क्षेत्र से विधायक भैयालाल राजवाड़े की पुत्री गीता राजवाड़े को भाजपा ने उतारा है मैदान में

क्या विधायक पुत्री के खिलाफ चुनाव लड़कर विधायक की बी टीम होने का आरोप खारिज कर पाएंगे आशीष डबरे एवं आशा महेश साहू की टीम

अब जिला पंचायत सदस्य के चुनाव से पीछे हटकर फिर छिंदिया क्षेत्र से बीडीसी का चुनाव लड़ सकती हैं आशा महेश साहू,इसी क्षेत्र से अनिल जायसवाल एवं विपिन जायसवाल की भी हो रही दावेदारी,यदि ऐसा हुआ तो तीन जनपद उपाध्यक्ष इस बार एक सीट से होंगे आमने सामनें

वास्तविकता से जुड़ी खबरें पढ़िए सिर्फ घटती घटना अखबार में







वर्तमान विधायक पुत्री गीता राजवाड़े



-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर/पटना,27 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले मे इस बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में काफी रोचक स्थिति देखने को मिल रही है, वर्तमान स्थिति में एक ओर जहां सत्ताधारी दल द्वारा गंभीरता दिखाते हुए अपने प्रत्याशियो की घोषणा की जा चुकी है तो वहीं कांग्रेस अभी पिछड़ी हुई है,जिला विभाजन के बाद इस बार कोरिया जिला पंचायत की तस्वीर बदल गई है,पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी बनने दावेदारो ने काफी जोर आजमाईष किया है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु नामांकन की प्रक्रिया भी सोमवार से शुरू की जा चुकी है तो वहीं कुछ सीटों पर काफी घमासान होगा इसका अंदाजा भी लगाया जा रहा है।

इसी बीच एक और खबर ने जोर पकड़ लिया है और वह है कि क्या स्थानीय विधायक की पुत्री जिन्हे भाजपा ने जिला पंचायत सदस्य का उम्मीदवार घोषित कर दिया है और इसी क्षेत्र से जनपद पंचायत बैकुंठपुर की उपाध्यक्ष आशा महेश साहू के द्वारा तैयारी की जा रही थी क्या विधायक पुत्री को उम्मीदवार बनाये जाने के बाद अब आशा महेश साहू द्वारा जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ा जाएगा या फिर उनके द्वारा मन बदल दिया गया है और वे अब एक बार फिर जनपद सदस्य के लिए तैयारी मे जुट गई हैं सवाल इसलिए उठ रहा है कि अभी तक उन्हे विधायक की बी टीम के रूप में मना जा रहा था, कांग्रेस नेता आशीष डबरे के साथ मिलकर उनके द्वारा कई दिनों से जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा था लेकिन विधायक पुत्री के सामने आने के बाद उन्हे बैकफुट पद देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि पिछले जनपद पंचायत चुनाव के दौरान ही आशा महेश साहू की वर्तमान विधायक भैयालाल राजवाड़े के साथ सांठगांठ हुई थीं अप्रत्याशित तौर पर भाजपा की सौभाग्यवती सिंह अध्यक्ष एवं तात्कालिक विधायक अंबिका सिंहदेव की इच्छा के विपरीत कांग्रेस से ही अलग टीम तैयार कर आषा महेष साहू उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई थी।

## क्या सच में विधायक की बी टीम है आशीष डबरे एवं आशा महेश साहू

कोरिया जिले की राजनीति में अजब गजब का संयोग देखने को मिलता है,बाहर से नेता भले ही अलग दिखलाई पड़ते हैं लेकिन भीतरखाने से ऐसी खिचड़ी पकती है जो कि राजनीति के लिहाज से अच्छी नही मानी जा सकती। इसी का परिणाम है कि पिछ्ले जिला पंचायत के चुनाव में भाजपा समर्थित रेणुका सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित हुई थी जबकि उस दौरान निर्दलीय चुनाव लड़े वेदांति तिवारी उपाध्यक्ष निर्वाचित हो गए थे। हलांकि यह अलग बात है कि अब वे फिर से कांग्रेस में सक्रिय हैं। पिछले चुनाव के बाद स्थानीय राजनीति ने अलग ही रूप ले रखा था,आषीष डबरे एवं जनपद उपाध्यक्ष आषा महेश जो कि पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव के करीबी हुआ करते थे उनकी गिनती धीरे-धीरे अंबिका सिंहदेव के विरोधियों के रूप में होने लगी थी। गत विधानसभा चुनाव मे भी आषीष डबरे एवं आषा महेष साहू की टीम ने किसका साथ दिया था यह सर्वविदित है। भैयालाल राजवाड़े के विधायक बनने के बाद भी उनकी पहचान विधायक भैयालाल राजवाड़े की बी टीम के रूप में होने लगी थी। कई मौके पर पूर्व में भी देखने में मिला कि विधायक एवं आषीष डबरे एवं आषा महेष साहू की टीम के द्वारा मिलजुलकर काम किया जा रहा था।

## जिला पंचायत सदस्य के लिए जारी था जनसंपर्क,अब लगा ब्रेक

जनपद उपाध्यक्ष आशा महेशा साहू के द्वारा इस बार जिला पंचायत सदस्य के लिए तैयारी की जा रही थी, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 में उनके द्वारा जनसंपर्क भी शुरू कर दिया गया था। अब भाजपा ने इस क्षेत्र से विधायक भैयालाल राजवाड़े की पुत्री गीता राजवाड़े को मैदान में उतार दिया है तब से इस क्षेत्र का समीकरण बदल गया है,अब जैसी चर्चा है कि आशा महेश साहू द्वारा इस क्षेत्र में जनसंपर्क बंद कर दिया गया है। गीता राजवाड़े द्वारा इस क्षेत्र में जोर शोर से प्रचार अभियान की शुरूआत कर दी गई है वे अपनी जीत के प्रति आश्वस्त भी नजर आ रही हैं। बदले समीकरण में कांग्रेस की ओर से यहां कोई प्रत्याशी खुलकर सामने भी नही आ रहा है। वहीं आषा महेष साहू के अप्रत्याशीत तौर पर मैदान से बाहर हो जाने के कारण या हार के भय से खुद को पीछे कर लिया गया है। यह भी कहा जा रहा है कि गीता राजवाड़े को भरपूर सहयोग का वादा भी इस बी टीम के द्वारा किया गया है।

## क्या फिर से बीडीसी का चुनाव लड़ेगी आशा महेश साहू

जनपद उपाध्यक्ष आषा महेष साहू जिनके द्वारा माह भर से कांग्रेस नेता आषीष डबरे के साथ मिलकर चुनाव प्रचार अभियान प्रांरभ कर दिया गया था अब गीता राजवाड़े के सामने आने के बाद वे बैकफुट पर आ गई हैं जिससे कि उनके बी टीम होने की बात को भी बल मिलता है। जैसी जानकारी मिल रही है कि अब वे एक बार फिर से बीडीसी का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। छिंदिया क्षेत्र से ही उनके दावेदारी की बात सामने आई है।

## छिंदिया क्षेत्र में होगा घमासान,तीन जनपद उपाध्यक्ष होंगे आमने सामने

जनपद पंचायत के लिहाल से इस बार छिंदिया क्षेत्र में काफी घमासान मचने की खबरें हैं बतलाया जा रहा है कि जनपद उपाध्यक्ष आषा महेष साहू भी इसी क्षेत्र से जनपद सदस्य की तैयारी कर रही हैं वहीं कांग्रेस नेता अनिल जायसवाल जो कि पूर्व में जनपद उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं वे भी इसी क्षेत्र से तैयारी कर रहे हैं साथ ही पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विपिन जायसवाल भी इसी क्षेत्र से चुनाव लड़ने का मन बना चुके हैं अंतिम समय में क्या होता है यह तो बाद में पता चलेगा लेकिन यदि ऐसा होता है तो छिन्दिया क्षेत्र का चुनाव काफी रोचक होगा,तीन जनपद उपाध्यक्ष इस सीट से आमने सामने होंगे।

# पूरे ताकत के साथ हम चुनाव जीतेंगे:जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,27 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।






भाजपा जिला कार्यालय बैकुण्ठपुर में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति तैयार किया गया। सर्व प्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता, पंडित दीनदयाल मुखर्जी छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर बैठक शुभारम्भ किया गया। बैठक में मुख्य रूप से निवर्तमान जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, नगरीय निकाय प्रभारी एवं जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिला महामंत्री विनोद साहू,जिला कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र साहू,अवधबिहारी जायसवाल,अनिल खटिक उपस्थित रहें। निवर्तमान जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल ने कहा कि, त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जनसम्पर्क कर केन्द्र एवं राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि, कार्यकर्ता अपने बूथ को संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाये,ताकि आगामी चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कार्यकर्ताओं संबोधित करते हुए कहा कि, त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में यह हमारा संकल्प हो, पंच से लेकर जिला तक भाजपामय हो,साथ ही यह चुनाव कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का चुनाव है, इसे हम पूरे ताकत के साथ हम चुनाव के मैदान में जाएगें। इस चुनाव में हमारा नारा रहेगा हमने बनाया है हम ही संवारेंगे और इसी संकल्प को लेकर इसे पूरा करेंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मैनेजर राजवाड़े,रामलखन यादव,किशोर सिरदार, संजय चिकनजुरी, राजाराम राजवाड़े, दीपा विश्वकर्मा, वंदना राजवाड़े, सुनिता कुर्रे,चुन्नी पैकरा, सौभाग्यवती सिंह,रामप्रताप मराबी, गोपाल राजवाड़े,गीता राजवाड़े,शिव कुमारी सोनपाकर,नरेश्वर रजक, अवधबिहारी जायसवाल, मोहित पैकरा, ईश्वर राजवाड़े,मनोज साहू, जगनारायण साहू,शिव राजवाड़े, अनिल जायसवाल,सोना लाल राजवाड़े सहित पार्टी समर्थित प्रत्याशी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## मोटर व्हीकल एक्ट के तहत पांच ट्रैकों पर कार्यवाही

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,27 जनवरी 2025 (घटती-घटना)। झिलमिली थाना क्षेत्र द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 5 ट्रैकों पर कार्रवाई की गई है जिसे 45400 का जुर्माना वसूला गया है। झिलमिली थाना प्रभारी ने बताया कि श्रीमान उ.म.नि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ,एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूरजपुर के आदेशानुसार पूरे जिले में यातायात जागरूकता अभियान के तहत,मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों का उल्लघंन कर परिवहन करने वाले वाहनों के विरुध्द कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने पर एस.डी.ओ.पी. महोदय ओडगी के निर्देशन मे झिलमिली क्षेत्र में अवैध तरीके से सामान लोड करके चलने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश प्राप्त होने पर आज दिनाँक 25.01.2025 को थाना झिलमिली क्षेत्र में मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों का उल्लंघन करने पर 05 भूसा से भरी ट्रक में थाना झिलमिली के द्वारा कार्यवाही करते हुए 45400 रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

# 76 वां गणतंत्र दिवस पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने किया ध्वजारोहण

-संवाददाता-
कोरबा,27 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।



कोरबा जिला मुख्यालय में आज 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। कोरबा के सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि आवासन एवं शहरी कार्य केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू उपस्थित थे। श्री साहू ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का छत्तीसगढ़ वासियों के नाम संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर अनेकता में एकता के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े गये। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के शहीदों के परिजनों को शॉल, श्रीफल भेंट कर विशेष सम्मान किया गया और वीर सेनानियों की शहादत के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। मुख्य कार्यक्रम में परेड कमांडर सुबेदार अनंत राम पैंकरा के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्रबल, जिला पुलिस बल पुरूष, छत्तीसगढ़ नगर सेना महिला, छत्तीसगढ़ नगर सेना पुरूष,एनसीसी पुरूष और एनसीसी महिला, स्काउट-गाईड की टीम ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया। हर्ष फायर कर पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गई।

परेड में जिला पुलिस बल को मिला प्रथम स्थान - मार्च पास्ट में आठ टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रोफेशनल वर्ग में जिला पुलिस बल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, द्वितीय तथा जिला पुलिस बल महिला को तृतीय स्थान मिला। सांत्वना पुरस्कार नगर सेना को दिया गया। परेड नॉन प्रोफेशनल वर्ग में प्रथम स्थान एनसीसी सीनियर डिवीजन महिला, द्वितीय स्थान एनसीसी सीनियर डिवीजन पुरूष और तृतीय स्थान स्काउट गाइड सीनियर डिवीजन, स्काउट दल सीनियर डिवीजन की टीम को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर अजीत वसंत, एसपी सिद्धार्थ तिवारी, निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग सहित जिला तथा पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं आम जनता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202412020700217**

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:-
राजस्व सन्:-2024-25
मुड़ेसा प.ह.नं.00030 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण:-
आवेदक पक्षकार-बिफईया पोर्ते,
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0 शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक बिफईया पोर्ते पति दादू पोर्ते निवासी ग्राम मुडेसा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम मुडेसा स्थित कुल खसरा नंबर 22 कुल रकबा 3.489 हे0 भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/03/2025 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/12/2025 को जारी किया जाता हैं।

सील
तहसीलदार
अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ सक्षम प्राधिकारी (डायवर्सन) प्रतापपुर,जिला-सूरजपुर,छत्तीसगढ**

**उद्घोषणा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगबन्धन सिंह आ0 रघुराज सिंह जाति गोंड निवासी ग्राम रजखेता तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर, (छ0ग0) द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम चाचीडांड़ तहसील प्रतापपुर स्थित खसरा नंबर 101/2 रकबा 0.08 हे भूमि को छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के अन्तर्गत कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि इस पर किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 11/02/2025 तक अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। इस तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/01/2025 को न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया ।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा0) सक्षम प्राधिकारी
(डायवर्सन) प्रतापपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनीता अवधेश राजवाड़े आ0 मिठूराम राजवाड़े जाति रजवार निवासी जगदीशपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 खसरा नंबर 157/851 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1,खसरा, नक्शा, भूमि हउपयोगिता प्रमाण पत्र, अधिकारी अभिलेख, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि दिनांक 03/02/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार पटना, जिला.कोरिया (छ0ग0)**

-:: ईश्तहार::-
रा0प्र0क्रं0......./2024-25

एतद्ध द्वारा समस्त ग्रामीण जनता ग्राम पटना को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश कुमार सोनी आयु लगभग 60 वर्ष एवं अन्य 03 सभी निवासी ग्राम चिरगुड़ा थाना व तहसील पटना, जिला -कोरिया छ.ग. के द्वारा आवेदन कर निवेदन किया गया है कि ग्राम पटना स्थित भूमि खसरा नं0 159/7 रकबा 0.445 हे0 भूमि पूर्व में आवेदकगण के नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज प्रकरण क्रं0 201309011300002/अ-23/126-अ-23/2016-01.09.2022 के अनुशरण में आवेदकगण का नाम विलोपित करते हुये अनावेदकगण का नाम राजस्व अभिलेखो में अंकित हुआ है। आवेदकगण के द्वारा न्यायालय श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ0ग0) के द्वारा पारित आदेष दिनांक 09.03.2022 एवं जिलाधीष महोदय बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ0ग0) के द्वारा पारित ओदष दिनांक 02.03.2023 के विरूद्ध पुनरीक्षण प्रार्थना पत्र न्यायालय आयुक्त सरगुजा संभाग के समक्ष राजस्व अभिलेखों में अंकित किया जाना उचित व विधि संगत है। जिस हेतु यह आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदन पत्र के साथ आयुक्त महोदय सरगुजा के आदेष दिनांक 26/12/2024 की छायाप्रति संलग्न किया गया है। जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को उक्त भूमि का नाम पूर्ववत राजस्व अभिलेखों में नामंत्रित किये जाने मे कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के जरिये दिनांक 31.01.2025 तक न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 16.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
पटना, जिला-कोरिया
(छ0ग0)

CMYK

# डॉक्टर वकील का करेगा इलाज या फिर वकील खोलेगा डॉक्टर के भ्रष्टाचार की पोल

## नगर निगम चिरमिरी चुनाव होने वाला है वकील वर्सेस डॉक्टर

**कांग्रेस से चिरमिरी नगर निगम महापौर प्रत्याशी डॉक्टर विनय को बनाते ही बिफरे कांग्रेसी**

**विधानसभा में तो हार से बच गए डॉ विनय जायसवाल क्या नगरीय निकाय चुनाव में बच पाएंगे?**

**स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल कि साख लगी दांव पर...भाजपा प्रत्याशी नहीं श्याम बिहारी लड़ रहे हैं चुनाव**

**पूर्व विधायक को कांग्रेस ने बनाया चिरमिरी नगर निगम महापौर पद का प्रत्याशी विधायक नहीं तो महापौर ही सही**

**उसे प्रत्याशी बनाया गया जिसके ऊपर भाजपा प्रत्याशी को जितवाने का है आरोप**

**पूर्व विधायक डॉ विनय जायसवाल विपक्ष में रहते हुए भी सत्तापक्ष के विधायक मंत्री के विरुद्ध एक शब्द नहीं बोल पाए अब तक**

**क्या स्वास्थ्य मंत्री व पूर्व विधायक विनय जायसवाल के विरुद्ध है नगरीय निकाय चुनाव?**

**एमसीबी जिले के इकलौते नगर निगम महापौर चुनाव को लेकर गरमाई राजनीति**

-रवि सिंह-
चिरमिरी,27 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

नगर निगम चिरमिरी के लिए महापौर प्रत्याशी का चयन दोनों दलों के लिए बड़ा मुश्किल नजर आ रहा था,वहीं जैसे ही दोनों दलों ने टिकट तय किया यह भी स्पष्ट हो गया कि कहीं न कहीं मामला आपसी तालमेल का है और यह हम नहीं कह रहे हैं यह आरोप दोनों ही दलों के कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर लगा रहे हैं और भाजपा के कार्यकर्ताओं का कहना है कि कमजोर प्रत्याशी मैदान में उतारकर कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल को जीत दिलाने की रणनीति पर काम हुआ है। वैसे कांग्रेस के भी कार्यकर्ता और पदाधिकारी नाराज हैं और उनका कहना है कि एक निष्कासित पूर्व विधायक को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है और जबकि उसका विधानसभा चुनाव में समर्थन भाजपा प्रत्याशी को था जिस कारण उसका निष्कासन हुआ था और ऐसे में प्रश्न भी उठाया है वरिष्ठ कांग्रेसियों सहित कार्यकर्ताओं ने की विधायक का निष्कासन या उनका टिकट कटना सही था या पुनः उन्हें महापौर का टिकट देना सही है। चिरमिरी में पूर्व के एक चुनाव की तरह बस न दौड़ जाए इसकी सम्भावना बलवती हो रही है क्योंकि नाराजगी दोनों दलों में है और यदि कोई निर्दल लड़ गया और उसको समर्थन मिला जनता का वह जीत दर्ज कर ले जाएगा। अब यह भी तय हो चुका है कि चुनाव डॉक्टर विरुद्ध वकील होगा और यह भी देखने वाली बात होगी कि डॉक्टर वकील का इलाज कर पाएंगे या फिर वकील डॉक्टर की पोल खोल पाएंगे। वैसे चुनाव में दिलचस्प यह भी होगा कि डॉक्टर चुनाव में भाजपा विधायक स्वास्थ्य मंत्री को मंच से घेरते हैं कि नहीं आरोप प्रत्यारोप का मामला सामने आता है कि नहीं वहीं यह भी दिलचस्प होगा कि क्या खुद मंत्री जी डॉक्टर के विरुद्ध आक्रामक होकर बयानबाजी करते हैं कि नहीं।




### डॉक्टर विरुद्ध वकील का चुनाव होना तय

डॉक्टर विनय जायसवाल का महापौर के लिए टिकट लाना उसके लिए जोर लगाना और सभी अन्य को पछाड़ना यह बतलाता है कि उन्हें जीत का विश्वास अत्यंत अधिक है और वह आश्वस्त हैं कि वह चुनाव जीत जाएंगे,वैसे अब सोशल मीडिया का विरोध यह भी बतला रहा है कि उनके लिए राह इतना भी आसान नहीं है,भाजपा का प्रत्याशी भले कमजोर माना जा रहा है एक तरह से डमी माना जा रहा है लेकिन यदि कोई निर्दलीय चुनाव में उतर गया उसे दोनों दलों के नाराज लोगों का साथ मिल जाएगा और वह चुनाव जीत जाएगा। शेष अब टिकट वितरण हो चुका है और यह तय है कि डॉक्टर विरुद्ध वकील ही चुनाव होना है।


चिरमिरी नगर पालिक निगम से महापौर पद के भाजपा प्रत्याशी राम नरेश राय


चिरमिरी नगर पालिक निगम से महापौर पद के कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर विनय जायसवाल


पार्टी छोड़ने वाले ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव दास

### चुनाव से पहले ही भाजपा ने खोला विकास का पिटारा

सत्ताधारी दल भाजपा ने चुनाव मतदान से पूर्व विकास का पिटारा भी खोल दिया है जिसमे 120 कार्यों की स्वीकृति चिरमिरी नगर निगम को मिल सकी है। अब विकास कार्यों के भरोसे भी भाजपा प्रत्याशी को चुनाव जीतना आसान होगा।


पार्टी छोड़ने वाली प्रदेश संयुक्त महामंत्री बबीता सिंह

### ठेकेदारी सहित हर मामले में डॉक्टर विनय के परिवार का रहता था विधायक रहते दखल,अब पुनःवही होगा यह है कांग्रेसियों का डर

बताया जा रहा है कि कांग्रेसी डॉक्टर विनय के प्रत्याशी बनाए जाने से डरे हुए हैं और वह यह मानकर चल रहे हैं कि जब वह विधायक और उनकी पत्नी महापौर थीं तब जिस तरह हर काम और हर मामले में उनके ही परिवार वालों का दखल था अब यदि पुनः जीत जाएंगे तो वैसा ही होगा। परिवार के लोग ठेकेदारी करेंगे और किसी और का नंबर शराब दुकान के किराए के लिए भी नहीं लगेगा।

### पुराने डॉक्टर समर्थक जो अभी हैं भाजपा में वह भी लौट जाएंगे चुनाव जीतते डॉक्टर विनय खेमे में:सूत्र

सूत्रों का कहना है कि डॉक्टर विनय का वह खेमा जो अभी वर्तमान विधायक के साथ है वह चुनाव जीतते ही डॉक्टर विनय के पास लौट जाएगा। माना जा रहा है कि चुनाव में वही खेमा हावी होगा इसलिए पार्टी के वरिष्ठ ज्यादा नाराज हैं।

### डॉक्टर विरुद्ध वकील का रोचक होगा चुनाव,एक नब्ज पकड़ने का करेगा प्रयास एक भ्रष्टाचार को बना सकता है आधार

चिरमिरी नगर निगम का चुनाव महापौर पद के लिए डॉक्टर विरूद्ध वकील होना तय है, अब डॉक्टर अपने पेशे अनुसार लोगों की नब्ज पकड़ने की कोशिश करेंगे उसे टटोलने की जुगत लगाएंगे वहीं एक भ्रष्टाचार की पोल डॉक्टर की वकील खोल सकते हैं और उसे उजागर कर चुनाव जीतने का प्रयास कर सकते हैं। वकील को डॉक्टर सहित उनकी पत्नी के कार्यकाल के भ्रष्टाचार को उजागर करने का मौका मिलेगा और यह उनके लिए बड़ा चुनावी हथियार हो सकता है। अब देखना है कि क्या वकील ऐसा करते हैं या फिर वह सामान्य प्रचार प्रसार के ही भरोसे चुनाव लड़ते हैं? सामान्य प्रचार प्रसार के रास्ते वैसे वकील चुनाव जीत पाएंगे यह लगता नहीं है, डॉक्टर के भ्रष्टाचार जिसमे वैश्विक महामारी के दौरान किए गए बड़े भ्रष्टाचार को वकील उजागर कर सकते हैं जिसमें बंद फैक्ट्री से सेनिटाइजर खरीदी घोटाला,आपदा में अवसर वाला मामला है जो वकील को डॉक्टर के विरुद्ध मजबूत बना सकेगा।

### क्या डॉक्टर अपना जराधार साबित करने लड़ रहे हैं महापौर का चुनाव?

डॉक्टर विनय जायसवाल पार्टी विरुद्ध कार्य की वजह से पार्टी से निष्कासित हुए थे वहीं उन्हें चुनाव में विधानसभा विश्वासपात्र कांग्रेस ने नहीं माना था। अब पुनः कांग्रेस ने उन्हें विश्वासपात्र माना है और उन्हें टिकट दिया है महापौर का। वैसे क्या डॉक्टर विनय अपना जनाधार साबित करने मैदान में हैं चुनावी।। वैसे माना भी ऐसा ही जायेगा,यदि वह चुनाव जीत गए उनका जनाधार था चिरमिरी में वह विधानसभा चुनाव भी जीत जाते यह तय हो जायेगा वहीं उनकी जीत के बात वह भविष्य में पार्टी के विधानसभा प्रत्यासी होंगे कांग्रेस के यह भी तय हो जाएगा। वैसे उनकी जीत से यह भी तय होगा कि उनका और वर्तमान विधायक का टक्कर होता तो वही विजेता होते।

### भाजपा भ्रष्टाचार के बारात वाली सीन को फिर से करने लगी है वायरल

भाजपा अब उस बारात का वीडियो वायरल कर रही है जो वर्तमान विधायक स्वास्थ्य मंत्री ने विपक्ष में रहते हुए निकाला था और डॉक्टर विनय के पोल को भ्रष्टाचार के खोला था। अब देखना है कि क्या जनता डॉक्टर विनय को पुनः मौका देती है या उन्हें उनके भ्रष्टाचार की वजह से घर में ही बैठा देती है। भ्रष्टाचार की बारात की वीडियो हर मोबाइल सोशल मीडिया में वायरल हो रही है ।

### भाजपा प्रत्याशी को लेकर मंत्री की छवि भी दाव पर

भाजपा प्रत्याशी के जीत हार के साथ विधायक साथ ही मंत्री की छवि भी दांव पर होगी। भाजपा के प्रत्याशी की जीत मंत्री के जनाधार को साबित करेगी वरना पुनः डॉक्टर विनय का पलड़ा भारी हो जाएगा। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि यदि डॉक्टर चुनाव जीत जाते हैं वह भविष्य में विधानसभा भी पहुंचने मजबूत नजर आने लगेंगे वहीं यदि वह हार जाते हैं मंत्री जी का जनाधार जाहिर हो जाएगा। वैसे मंत्री जी को जी जान से मेहनत कर भाजपा प्रत्याशी को जिताना होगा और ऐसा हुआ तो वह पुनः विधायक बनेंगे यह भी तय हो जायेगा।

### जो विपक्ष में होते हुए अपने क्षेत्र के विधायक को नहीं घेर पाए अब क्या उसके सामने वह चुनाव जीत पाएंगे?

डॉक्टर विनय विपक्ष में रहते हुए अब तक एकबार भी क्षेत्रीय विधायक साथ ही मंत्री को उनकी कार्यप्रणाली के आधार पर घेर पाने में असमर्थ रहे हैं। अब डॉक्टर विनय के समाने भले ही भाजपा का प्रत्याशी होगा लेकिन उनका मुकाबला सीधे मंत्री जो क्षेत्रीय विधायक हैं उनके साथ है। वर्तमान विधायक साथ ही मंत्री विपक्ष में रहते हुए डॉक्टर विनय को घेरने में कभी पीछे नहीं हटते थे। अब क्या इन परिस्थितियों के बाद डॉक्टर विनय चुनाव जीत पाएंगे,यह देखने वाली बात होगी?

### चिरमिरी कांग्रेस में डॉक्टर विनय के महापौर प्रत्याशी बनते ही पार्टी छोड़ने लगी कतार

डॉक्टर विनय के कांग्रेस से चिरमिरी नगर निगम महापौर प्रत्याशी घोषित होते ही पार्टी छोड़ने कतार लगनी शुरू हो गई है। कई पदाधिकारियों ने लिखित रूप से पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया है। प्रदेश संयुक्त महामंत्री बबीता सिंह जहां पार्टी छोड़ने पत्र लिख चुकी हैं निर्दलीय उन्होंने चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है वहीं ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव दास ने भी पार्टी छोड़ने की बात कह दी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश गुप्ता भी अब चुनाव से दूरी बनाने की बात कह रहे हैं। कुल मिलाकर डॉक्टर विनय को पार्टी के अधिकांश लोग नकार चुके हैं। बता दें कि डॉक्टर विनय ने विधायक रहते परिवारवाद का उदाहरण प्रस्तुत किया था और महापौर तब प्रभाव से अपनी पत्नी को बनवा लिया था वहीं कइयों को जो तब महापौर के दावेदार थे उन्हें उन्होंने निपटा दिया था। अब देखना है क्या उन्हें उनकी ही करनी की यह सजा मिलने जा रही है। पदाधिकारी कार्यकर्ता उन्हें नकारने जा रहे हैं।

# आईसीसी ने भी माना जसप्रीत बुमराह का लोहा

### » पहली बार किसी भारतीय पेसर को मिला ये बड़ा अवार्ड

**नई दिल्ली,27 जनवरी 2025।** जसप्रीत बुमराह की गिनती आज की तारीख में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के तौर पर होती है। हर मौके पर वे इसे साबित भी करते हैं। बुमराह जिस तरह की घातक गेंदबाजी इस वक्त रहे हैं, दूसरा कोई भी पेसर उनके आसपास भी नहीं है। अब आईसीसी ने भी जसप्रीत बुमराह का लोहा माना है। आईसीसी ने उन्हें टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए चुना है। ये पहली बार है, जब भारत के किसी तेज गेंदबाज को ये अवार्ड दिया जा रहा है, इसलिए ये उपलब्धि और भी खास हो जाती है।

### साल 2024 में टेस्ट क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज

आईसीसी ने भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पुरुष टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 के लिए चुना है। उन्होंने पूरे साल भारत के लिए शानदार गेंदबाजी कर टीम इंडिया को कई मैच जिताए। बड़ी बात ये भी रही कि जब टीम इंडिया मैच हारी है, तब भी जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी की चर्चा जरूर हुई है। जसप्रीत बुमराह ने साल 2024 में 71 टेस्ट विकेट चटकाने का काम किया है। इस दौरान उनका औसत 14.92 का रहा है। उन्होंने साल 2024 में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट अपने नाम किए हैं।

### अब तक ये खिलाड़ी जीत चुके हैं ये अवार्ड

जसप्रीत बुमराह से पहले अब तक पांच भारतीय खिलाड़ी ये अवार्ड जीत चुके हैं। इसमें जसप्रीत बुमराह दूसरे गेंदबाज और पहले भारतीय पेसर हैं। सबसे पहले राहुल द्रविड़ ने आईसीसी



टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवार्ड जीता था। इसके बाद गौतम गंभीर, वीरेंद्र सहवाग ने भी इस अवार्ड पर कब्जा जमाया। रविचंद्रन अश्विन और विराट कोहली भी आईसीसी का ये अवार्ड जीतने में कामयाब रहे हैं। अब जसप्रीत बुमराह भारत के पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। इसलिए ये उपलब्धि और भी खास है।

### ऐसा रहा है अब तक का करियर

जसप्रीत बुमराह के अब तक के करियर की बात की जाए तो उन्होंने 45 टेस्ट मैच खेलकर 205 विकेट अपने नाम किए हैं, वहीं वनडे में उन्होंने 89 मैच खेलकर 149 विकेट अपने नाम कर लिए हैं। वहीं टी20 इंटरनेशनल में उन्होंने 70 मैच खेलकर 89 विकेट चटकाने का काम किया है। आईपीएल भी उनका जलवा देखने के लिए मिलता है। उन्होंने अब तक इस लीग में 133 मैच खेलकर 165 विकेट लिए हैं।



## मार्टिनेज की स्ट्राइक ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को फुलहम पर 1-0 से जीत दिलाई

**लंदन,27 जनवरी 2025।** लिसांद्रो मार्टिनेज के डिफ्लेक्टेड शॉट ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को फुलहम के खिलाफ 1-0 की जीत दिलाई। यह हार फुलहम के लिए 23 नवंबर के बाद अपनी घरेलू जमीन पर पहली हार थी।
अर्जेंटीना के खिलाड़ी मार्टिनेज ने खेल के 78 वें मिनट में गोल किया। यह मैच वेस्ट लंदन में हुआ, जो काफी कड़ा मुकाबला था। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने क्रेवेन कॉटेज में अपने पिछले आठ मैच जीते हैं, यह सिलसिला दिसंबर 2011 से जारी है। इस सीजन की तीसरी बाहर की जीत से यूनाइटेड अंक तालिका में 12वें स्थान पर पहुंच गया है। अब टीम का ध्यान व्यस्त जनवरी में यूईएफए यूरोपा लीग पर है।
गुरुवार को यूनाइटेड की टीम रोमानिया में एफसीएसबी के खिलाफ खेलेगी। अगर यह मैच जीता तो यूनाइटेड प्रतियोगिता के राउंड ऑफ 16 में जगह बना लेगा।



## जॉबर्ग सुपर किंग्स ने हासिल की सनराइजर्स पर बोनस अंक की जीत

**जोहान्सबर्ग,27 जनवरी 2025।** जॉबर्ग सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज लुथो सिपामला और हार्डस विल्जोएन ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बल्लेबाजों को तहस-नहस कर दिया। वांडरर्स स्टेडियम में खेले गए इस मैच में सुपर किंग्स ने नौ विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। पिछले कुछ हफ्तों से हाइवेल्ड में बारिश हो रही थी, लेकिन इस बार वांडरर्स में बढ़िया मौसम था। सुपर किंग्स के फैंस पूरे जोश के साथ स्टेडियम में अपनी टीम का समर्थन करने पहुंचे।

## तीसरे टी 20 मैच के लिए प्लेइंग इलेवन का ऐलान

### » एक दिन पहले ही बड़ी घोषणा

**नई दिल्ली,27 जनवरी 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच टी 20 मैचों की सीरीज के दो मैच हो चुके हैं। दोनों मुकाबले भारतीय टीम ने जीते हैं। पहला मैच तो आसानी से जीत लिया गया था, लेकिन दूसरे मैच में इंग्लैंड की टीम ने दम दिखाया और बाजी पलटने की कोशिश की, लेकिन तिलक वर्मा की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत वो मैच भी इंग्लैंड के हाथ से चला गया। अब बारी तीसरे मैच की है, जो 28 जनवरी को राजकोट में खेला जाएगा। इस मैच में अभी वक्त है, लेकिन इससे पहले ही प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया गया है।

### इंग्लैंड ने तीसरे टी 20 मुकाबले के लिए कर दिया प्लेइंग इलेवन का ऐलान

इंग्लैंड क्रिकेट टीम इस सीरीज के दोनों मैच हारकर पीछे चल रही है। अब उसके लिए तीसरा



मैच काफी ज्यादा अहम होगा। भारतीय टीम अगर ये मुकाबला भी जीत गई तो सीरीज हाथ से चली जाएगी। इस बीच इंग्लैंड की टीम ने अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। इस बार इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग इलेवन में कोई भी ऐलान नहीं किया गया है। यानी जो टीम दूसरे मुकाबले में खेली थी, तीसरे मैच में भी वही टीम खेलेगी। इंग्लैंड क्रिकेट की ओर से बताया गया है कि तीसरे मैच के लिए टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। साथ ही बताया गया कि जो टीम पिछली बार खेली थी, उसे ही बैक किया जा रहा है।

### पिछले मुकाबले में इंग्लैंड ने किए थे दो बदलाव

इंग्लैंड की ओर से पहले मैच में हार के बाद दूसरे मैच में दो बदलाव किए गए थे। लेकिन इसके बाद भी बात नहीं बनी। अब देखना होगा कि तीसरे मुकाबले में जब टीम उतरेगी तो कैसा प्रदर्शन करती है। इंग्लैंड की टीम अगला मैच हर हाल में जीतना चाहेगी। वहीं भारतीय टीम की कोशिश होगी कि तीसरा मैच भी जीतकर सीरीज पर कब्जा किया जाए, क्योंकि इसके बाद दो ही मैच और बाकी बचेंगे।

### अब तक दोनों मैचों में भारी पड़ी है टीम इंडिया

सीरीज की अब तक की बात की जाए तो पहला मैच टीम इंडिया ने 7 विकेट के बड़े अंतर से अपने नाम किया था। दूसरे मैच में इंग्लैंड ने फाइटबैक किया, लेकिन फिर भी भारतीय टीम दो विकेट से मैच जीतने में कामयाब रही। इंग्लैंड की टीम धीरे धीरे अपना प्रदर्शन तो सुधार रही है। साथ ही हो सकता है कि राजकोट की पिच इंग्लैंड के लिए मददगार हो। पहले दो मैच स्पिन फ्रेंडली पिच पर हुए थे, लेकिन अब उछाल वाली पिच मिल सकती है। ऐसे में भारतीय टीम की कड़ी और बड़ी परीक्षा होने की उम्मीद जताई जा रही है।
तीसरे टी 20 मुकाबले के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन- बेन डकेट, फिलिप साल्ट (विकेट कीपर), जॉस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, जेमी स्मिथ, जेमी ओवरटन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड।

## स्मृति मंधाना ने जीता आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब

**नई दिल्ली,27 जनवरी 2025।** आईसीसी द्वारा साल 2024 में खिलाड़ियों को उनके बेस्ट प्रदर्शन के लिए अवॉर्ड दिया जा रहा है। इसी बीच महिलाओं के आईसीसी प्लेयर ऑफ द ईयर के नाम का ऐलान कर दिया गया है। आईसीसी ने यह खिताब स्मृति मंधाना को दिया है। साल 2024 में बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने वनडे क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया और रनों का एक बड़ा पहाड़ खड़ा किया। उन्होंने साल के दौरान न केवल खुद को और अधिक निखारा, बल्कि हाई लेवल टीमों के खिलाफ भी लगातार बड़ी पारियां खेलीं।



स्मृति मंधाना ने जून में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3-0 से सीरीज जीतने में दो शतक लगाया। इसके बाद अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ करो या मरो के मैच में एक और शतक ने उनके मनोबल को बढ़ाया और दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में एक चुनौतीपूर्ण शतक बनाकर उन्होंने अपनी निरंतरता दिखाई। 2024 में मंधाना ने 13 मैचों में 747 रन बनाए, जो उनके करियर का बेहतरीन आंकड़ा था। इसके साथ ही वह इस साल वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गईं, जिनके बाद लौरा वोल्वार्ड्ट (697), टैमी ब्यूमोंट (554) और हेले मैथ्यूज (469) का स्थान है। मंधाना ने 57.86 की शानदार औसत से रन बनाए और 95.15 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की, जिससे भारत के टॉप ऑर्डर को आक्रामक दिशा मिली। उन्होंने 2024 में चार शतक भी लगाए, जो महिलाओं के खेल में एक नया रिकॉर्ड है। इसके अलावा उन्होंने साल 2024 में वनडे में 95 चौके तथा छह छक्के लगाए। इसके अलावा, मंधाना ने आईसीसी महिला चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया और 24 मैचों में 1358 रन बनाकर रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष स्थान पर रहीं। वह इस प्रतियोगिता में चार अंकों तक पहुंचने वाली सिर्फ पांच बल्लेबाजों में से एक हैं। मंधाना का इस साल का सबसे यादगार प्रदर्शन दिसंबर में हुआ, जब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में 105 रन बनाए। हालांकि भारत मैच हार गया, लेकिन मंधाना की शतकीय पारी ने ऑस्ट्रेलिया की मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ उसे कड़ी चुनौती दी। मंधाना ने अपनी पारी में 14 चौके और एक छक्का लगाया, और 109 गेंदों पर 105 रन बनाए।

## वेस्टइंडीज ने टेस्ट सीरीज में रचा इतिहास

### टूटा बड़ा महारिकॉर्ड

**मुलतान,27 जनवरी 2025।** वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान को 120 रनों से हरा दिया और इसी के साथ सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल कर ली। पहले टेस्ट में पाकिस्तान ने 127 रनों से जीत दर्ज की थी। इस दो टेस्ट मैचों की सीरीज में दोनों टीमों की तरफ से स्पिनर्स ने दमदार खेल का नमूना पेश किया। वेस्टइंडीज के लिए जोमेल वारिकेन, गुडाकेश मोती और केविन सिंक्लेयर ने दम दिखाया, तो पाकिस्तानी टीम के लिए नोमान अली, अबरार अहमद और साजिद खान ने अपनी गेंदों का जादू दिखाया। स्पिनर्स के दम पर ही टेस्ट सीरीज में बड़ा कीर्तिमान बना है।

### चार साल पुराना टूटा रिकॉर्ड

पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच दोनों टेस्ट मैच मुल्तान के मैदान पर ही खेले गए हैं, जिसमें दोनों टीमों की तरफ से स्पिनर्स ने 69 विकेट हासिल किए हैं। ये दो टेस्ट मैचों



की सीरीज में स्पिनर्स के द्वारा हासिल किए गए सबसे ज्यादा विकेट हैं। इससे पहले साल 2021 में श्रीलंका और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट मैच खेला गया था, जिसमें दोनों टीमों के स्पिनर्स ने 67 विकेट झटके थे। अब ये चार साल पुराना महारिकॉर्ड टूट चुका है।

### 1990 के बाद पाकिस्तान की धरती पर जीता टेस्ट मुकाबला

वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट मैच में 120 रनों से जीत दर्ज करते ही इतिहास रच दिया है। विंडीज की टीम ने 1990 के बाद पाकिस्तान की धरती पर कोई टेस्ट मैच जीता है। वेस्टइंडीज के लिए स्पिनर्स ने कमाल का प्रदर्शन किया। टीम के लिए जोमेल वारिकेन, गुडाकेश मोती और केविन सिंक्लेयर ने दमदार गेंदबाजी की, जिनके आगे पाकिस्तान के धुरंधर बल्लेबाज टिक नहीं पाए।

### जोमेल वारिकेन ने किया कमाल

वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को जीतने के लिए 254 रनों का टारगेट दिया, जिसके जवाब में पाकिस्तानी टीम सिर्फ 133 रनों पर आउट हो गई। वेस्टइंडीज के लिए जोमेल वारिकेन ने दूसरी पारी में 5 विकेट हासिल किए और पाकिस्तानी टीम को ढेर करने में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा पूरी सीरीज में वह अबूझ पहेली बने रहे। जोमेल ने सीरीज में कुल 19 विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज और प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी जीता।

## उम्मीद की एक नई किरण बनेगा अफगानिस्तान महिला क्रिकेट टीम का टी 20 मैच

**नई दिल्ली,27 जनवरी 2025।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने कहा कि अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट टीम का मेलबर्न में होने वाला प्रदर्शनी मैच देश की महिलाओं के लिए उम्मीद की एक नई किरण है। तालिबान के देश पर कब्जे के बाद, अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट खिलाड़ी अब मेलबर्न और कैनबरा में बस गई हैं। ये खिलाड़ी गुरुवार को मेलबर्न के जंक्शन ओवल मैदान पर क्रिकेट विदाउट बॉर्डर्स इलेवन टीम के खिलाफ टी20 मैच खेलेंगी।

## होबार्ट हेरीकेन्स टीम ने पहली बार जीता बीबीएल का खिताब

### » विस्फोटक बल्लेबाज ने शतक जड़कर विरोधी टीम को रौंदा

**सिडनी,27 जनवरी 2025।** होबार्ट हेरीकेन्स की टीम ने बीबीएल 2024-25 का खिताब जीत लिया। फाइनल में होबार्ट ने सिडनी थंडर को 7 विकेट से शिकस्त दी। होबार्ट के लिए मिचेल ओवेन ने तूफानी सेंचुरी लगाई और जीत दिला दी। होबार्ट हेरीकेन्स के कप्तान नाथन एलिस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद मैच में सिडनी थंडर की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 182 रन बनाए। जिसके जवाब में होबार्ट हेरीकेन्स की टीम ने आसानी से टारगेट चेज कर लिया।

### मिचेल ओवेन ने जड़ा दमदार शतक

मिचेल ओवेन ने कमाल का प्रदर्शन किया।



उन्होंने सिर्फ उन्होंने 16 गेंदों में ही अर्धशतक जड़ दिया। उन्होंने अपनी दमदार पारी से ही टीम की जीत की नींव रख दी थी। अर्धशतक लगाने के बाद भी वह नहीं रुके और विस्फोटक बल्लेबाजी जारी रखी। उन्होंने बिग बैश लीग के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे तेज शतक जड़ दिया। उन्होंने सिर्फ 39 गेंदों में शतक ठोका और क्रिस सिम्पसन की बराबरी कर ली। उन्होंने भी बीबीएल में 39 गेंदों में शतक लगाया था। मिचेल ओवेन ने मैच में 42 गेंदों में कुल 108 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 11 छक्के शामिल रहे। उन्होंने अपनी दमदार पारी से मैच को एकतरफा बना दिया और होबार्ट हेरीकेन्स को खिताब दिलाया। उनके अलावा मैथ्यू वेड ने 17 गेंदों में 32 रन बनाए। होबार्ट की टीम ने सिर्फ 14 ओवर्स में ही टारगेट को चेज कर लिया।

### जेसन संघा ने लगाया था अर्धशतक

सिडनी थंडर की टीम के लिए जेसन संघा ने सबसे ज्यादा 67 रनों की पारी खेली। उनके अलावा डेविड वॉर्नर ने 48 रन बनाए। ओलिवर डेविस ने 26 रन और क्रिस ग्रीन ने 26 रनों का योगदान दिया। इन प्लेयर्स की वजह से ही सिडनी की टीम 20 ओवर्स में 7 विकेट के नुकसान पर 182 रन बना पाई।

## सनी देओल की साउथ डेब्यू जाट की रिलीज डेट आउट

सनी देओल की अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म जाट के टीजर को दर्शकों ने खूब पसंद किया और तब से ही फैंस इसके ट्रेलर और रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं। अब फाइनली फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठ चुका है।




आपको बता दें कि सनी देओल की थिएटर में यश और प्रभास जैसे बड़े साउथ इंडियन हीरोज से टक्कर होने वाली है। इसके अलावा उस समय और भी फिल्में इसके आस-पास रिलीज होंगी। सनी देओल की जाट को पुष्पा 2 के मेकर्स मैथ्री मूवी मेकर्स प्रोड्यूस कर रहे हैं। प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म से एक नया पोस्टर रिलीज करते हुए इसकी रिलीज डेट अनाउंस की। पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा, जाट की दुनियाभर में ग्रैंड रिलीज 10 अप्रेल को होगी। ये फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज होने जा रही हैं। इसे गोपीचंद ने डायरेक्ट किया है वहीं मैथ्री मूवी मेकर्स ने इसे प्रोड्यूस किया है।सनी देओल की जाट 10 अप्रेल को रिलीज होने जा रही है. इसी दिन दो पैन इंडिया स्टार भी थिएटर में दस्तक देने वाले हैं। पहले केजीएफ स्टार यश जिनकी टॉक्सिक भी इसी दिन रिलीज होगी वहीं प्रभास की द राजा साब के लिए भी 10 अप्रेल की डेट चुनी गई है। इसका मतलब है कि सनी देओल की फिल्म को बड़ी टक्कर मिलने वाली है.। यह भी कहा जा सकता है कि तीनों फिल्मों को बड़े क्लैश का सामना करना पड़ेगा। सनी देओल की जाट, यश की टॉक्सिक और प्रभास की द राजा साब थिएटर्स में 10 अप्रेल को आएंगी। इनके अलावा 14 अप्रेल को मोगली, नंदमुरी मोक्षगना, प्रभास हनु, स्पिरिट, एसएसएमबी 29 जैसी फिल्में 14 अप्रेल के लिए शेड्यूल की गई हैं। वहीं विष्णु मांचू की कन्नप्पा 25 अप्रेल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। देखा जाए तो अप्रेल के महीने में थिएटर्स काफी बिजी रहने वाले हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि इन बड़ी फिल्मों में कौन ज्यादा लाइमलाइट लूटकर ले जाता है और बॉक्स ऑफिस पर किसे फायदा या नुकसान पहुंचेगा।जाट की बात करें तो सनी देओल इसमें लीड रोल प्ले कर रहे हैं उनके साथ इस फिल्म में रणदीप हुड्डा हैं जो विलेन का रोल प्ले कर रहे हैं। इनके साथ विनीत कुमार सिंह, सैय्यामी खैर, बबलू पृथ्वीराज, स्वरुप घोष जैसे कलाकार खास रोल में हैं।

## मेकर्स ने पुष्पा 3 के लिए बना लिया तगड़ा प्लान,आइटम नंबर में जान्हवी कपूर चलाएगी हुस्न का जादू



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की पुष्पा 2 ने पूरे हिंदी सिनेमा का दिल जीत लिया है। फिल्म की ताबड़तोड़ कमाई ने बाकी सभी फिल्मों को पछाड़ दिया है। अल्लू अर्जुन को उनके करियर की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म मिल गई है, जिसने उन्हें नंबर 1 एक्टर बना दिया है। पुष्पा 2 ने 1800 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर फिल्म मेकर्स को मालामाल कर दिया है। थिएटर में 50 दिन पूरे करने के बाद भी फिल्म की कमाई थमी नहीं है।अभी भी उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म आमिर खान की दंगल के 2000 करोड़ के रिकॉर्ड को तोड़ सकती है। पुष्पा फ्रेंचाइजी की बात करें तो मेकर्स ने फिल्म के हर पार्ट में एक आइटम सॉन्ग रखा है, जो लोगों की जुबान से उतर ही नहीं रहा है। स्टार संगीतकार देवी श्री प्रसाद ने पुष्पा द राइज और पुष्पा द रूल में दो खास गानों ऊ अंतवा मावा और किसिक से जिस तरह का जबरदस्त धमाल मचाया था। दोनों फिल्मों के इन गानों को यूट्यूब पर भी लाखों बार देखा जा चुका है।पुष्पा 2 की ऐतिहासिक सफलता के बाद अब सबकी निगाहें पुष्पा फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट पर टिकी हैं। डायरेक्टर सुकुमार ने पुष्पा 2 को एक दिलचस्प मोड़ पर खत्म किया है, आगे क्या होगा ये जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। हाल ही में देवी श्री प्रसाद ने अपने नए बयान में पुष्पा 3 के स्पेशल सॉन्ग को लेकर बात की। देवी श्री प्रसाद की मानें तो वो अल्लू अर्जुन की पुष्पा 3 के स्पेशल सॉन्ग में बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर को देखना चाहते हैं। उनका कहना है कि जान्हवी अपनी मां श्रीदेवी की तरह ही बेहद खूबसूरत हैं।




## फिल्म लैला से विश्वक सेन का एकदम नया स्टाइलिश पोस्टर आउट

विश्वक सेन की आने वाली फिल्म लैला का स्टाइलिश फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों तरह की भूमिकाएं निभाने में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाया गया है। राम नारायण द्वारा निर्देशित और शाइन स्क्रीन के तहत साहू गरपति द्वारा निर्मित, लैला एक रोमांटिक एक्शन एंटरटेनर है।पोस्टर में विश्वक सेन को सोनू मॉडल के रूप में दिखाया गया है, जो आत्मविश्वास और रवैये के साथ-साथ सोने की एक्सेसरीज और बोल्ड टैटू के साथ दिखाई दे रहे हैं। उनके हाव-भाव उनके किरदार की जटिल प्रकृति का संकेत देते हैं। यह बदलाव विश्वक सेन की विविधता को दर्शाता है, साथ ही आकांक्षा शर्मा की मुख्य महिला के रूप में पहली फिल्म भी है।लैला में वासुदेव मूर्ति (पटकथा), रिचर्ड प्रसाद (छायाचित्रण), लियोन जेम्स (संगीत) और ब्रह्मा कदली (कला निर्देशन) सहित प्रतिभाशाली तकनीकी दल शामिल हैं। वैलेंटाइन डे, 14 फरवरी को दुनिया भर में रिलीज होने वाली लैला एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव का वादा करती है।विश्वक सेन के उल्लेखनीय परिवर्तन के कारण, दर्शक बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। अपने रवैये, साज़िश और रोमांस के मिश्रण के साथ, लैला दुनिया भर के दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। लैला में विश्वक सेन के गतिशील प्रदर्शन को देखने के लिए 14 फरवरी को अपने कैलेंडर पर निशान लगाएँ।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री साय ने लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें किया नमन

रायपुर,27 जनवरी 2025 (ए)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंजाब



केसरी लाला लाजपत राय की 28 जनवरी को जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लाला लाजपत राय जी का जीवन देश के लिए समर्पण, बलिदान और संघर्ष का प्रतीक है।

### महिला सीट पर पुरुष को दिया गया टिकट

#### मंत्री ओपी चौधरी ने ली चुटकी

रायपुर,27 जनवरी 2025(ए)। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के बरमकेला नगर पंचायत की महिला



आरक्षित सीट पर पुरुष उम्मीदवार मनोहर नायक को टिकट दे दिया है। इस चूक पर टिप्पणी करते हुए मंत्री ओपी चौधरी ने कटाक्ष किया और कहा, शायद यह टाइपिंग एरर है। भूपेश जी और सचिन जी, कृपया इसे सुधार लें।

# सीजीएमएससी का बड़ा घोटाला आया सामने

» दुर्ग-रायपुर में अलग-अलग टीमें कर रही हैं छापेमारी

» ईओडब्ल्यू के एफ आईआर में हुआ खुलासा, किस तरह हुआ है ये स्कैम...?





रायपुर/दुर्ग,27 जनवरी 2025 (ए)। सीजीएमएससी के अरबों के घोटाले से जुड़े अफसरों और मेडिकल सप्लायर फर्म्स के ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू की छापेमारी जारी है। यह कार्रवाई मोक्षित कॉरपोरेशन के दुर्ग स्थित कार्यालय एवं अन्य ठिकानों पर चल रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक मोक्षित कॉरपोरेशन में ईओडब्ल्यू -एसीबी ने दबिश दी है। इस फर्म के संचालकों शांतिलाल चोपड़ा और उनके बेटे शशांक चोपड़ा के घर और ऑफिस में सर्चिंग जारी है। मेडिकल इक्विपमेंट की सप्लाई के अलावा इससे जुड़े अन्य व्यवसाय चोपड़ा फैमिली करती है। यह एक बड़ी फर्म है और कोरोना काल में इस फर्म ने बड़ी सप्लाई स्वास्थ्य विभाग में सीजीएमएससी के जरिये की थी। इस दौरान जो सामग्रियां मोक्षित से ली गई उनकी कीमत सामान्य दर से कई गुना ज्यादा भुगतान की गई।

#### मोक्षित ग्रूप ऑफ कम्पनीज की ये हैं फर्म्स

बता दें कि मोक्षित ग्रूप ऑफ कम्पनीज के अधीन मोक्षित कारपोरेशन, मोक्षित मेडिकेयर प्रा. लि., मोक्षित इंफ्रा एंड डेव. और मोक्षित निरामयम नाम के फर्म संचालित हैं। जानकारी के मुताबिक 2 दर्जन एसीबी और ईओडब्ल्यू के अधिकारी छापे की कार्रवाई में शामिल हैं। दुर्ग के पुलगांव चौक स्थित ऑफिस और दुर्ग कोर्ट के पीछे खंडेलवाल कॉलोनी स्थित घर समेत सभी भाईयों के घर पर दबिश पड़ी है। सिद्धार्थ चौपड़ा और उनके तीनों भाईयों के ठिकानों पर भी दबिश दी गई है।

#### सीजीएमएससी के एमडी को कोई जानकारी नहीं...!

भोई ने बताया कि उन्हें यह नहीं मालूम कि इस मामले की सीजीएमएससी द्वारा एफआईआर कब दर्ज कराई गई है। सीजीएमएससी के अब तक के इस सबसे बड़े घोटाले में वर्तमान में जांच चल रही है और इसके प्रमुख अधिकारी का यह कहना कि उन्हें इसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं है, बड़ा ही हास्यास्पद नजर आता है।

#### सत्तापक्ष के विधायक ने उठाया मामला

बजट सत्र के बाद छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अंतिम दिन ध्यानाकर्षण के दौरान सत्ता पक्ष के विधायक धरम लाल कौशिक ने आरोप लगाया कि बिना जरूरत के ही रीजेंट की सप्लाई सीजीएमएससी द्वारा की गयी। इस दौरान भाजपा विधायकों ने दवा खरीदी को लेकर पिछली सरकार में किया गया सुनियोजित भ्रष्टाचार बताया।

### इनके यहां भी पड़े छापे

ईओडब्ल्यू-एसीबी ने इस घोटाले में जिन्हें आरोपी बनाया है, उनमें सीजीएमएससी और संचालनालय स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के आलावा सीबी कॉरपोरेशन,जी.ई. रोड दुर्ग, रिकार्डर्स एवं मेडिकेयर सिस्टम, एचएसआईआईडीसी, पंचकुला हरियाणा और श्री शारदा इन्डस्ट्रीज, ग्राम तर्रा, तहसील धरसीवा रायपुर शामिल हैं, इन सभी फर्म्स के अलावा संबंधित अफसरों के यहां आज छापे पड़े हैं। सीजीएमएससी में अब तक के हुए इस सबसे बड़े घोटाले का खुलासा सीएजी की जांच में हुआ था। सीएजी ने इसमें 660 करोड़ के घोटाले की आशंका जताई थी। वहीं जब यह मामला पिछले वर्ष बजट सत्र में विधानसभा में उठाया गया था तब इसके बकाये के भुगतान को रोकने की बात स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा कही गई थी। मगर इस मामले को दबाने के लिए जांच में उन अफसरों को शामिल किया गया जो इस घोटाले में शामिल थे, वहीं लगभग 400 करोड़ का जो भुगतान रोकना था उसे भी कर दिया गया।

### करोड़ों का रीजेंट हुआ बर्बाद

इसके जवाब में मंत्री ने इस बात का स्वीकार किया कि 28 करोड़ का रीजेंट बर्बाद हुआ है, आने वाले दिनों में ये और भी खराब हो सकता है। इस दौरान भाजपा विधायकों की मांग पर सदन में मंत्री ने ईओडब्ल्यू जांच की घोषणा की। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने घोषणा की कि रिजेंट खरीदी की जांच ईओडब्ल्यू से कराई जाएगी। मोक्षित कंपनी की रिजेंट सप्लाई की जांच होगी। स्वास्थ्य मंत्री की घोषणा के बाद इस मामले में ईओडब्ल्यू -एसीबी में एफआईआर दर्ज कराइ गई। अब इस मामले में जांच और छापेमारी चल रही है।

#### 4 दिन पहले ही दर्ज हुआ है एफआईआर

बताते चलें कि सीजीएमएससीमें हुए घोटाले में ईओडब्ल्यू -एसीबी द्वारा एफआईआर 22 जनवरी को दर्ज कराई गई है। विभाग के डीएसपी संजय दिनकर देवस्थल ने यह एफआईआर दर्ज कराई है और इस घोटाले की जांच का जिम्मा डीएसपी लोकेश देवांगन को सौंपा गया है।

# टिकट बंटवारे से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ता

#### पीसीसी चीफ दीपक बैज के खिलाफ नारेबाजी,पुतला फूंका



गरियाबंद,27 जनवरी 2025(ए)। कांग्रेस ने नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर सोमवार को गरियाबंद नगर पालिका के 15 वार्डों में अपने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया, जिसके बाद अब कांग्रेस में विरोध शुरू हो गया है। टिकट काटने से नाराज कुछ कार्यकर्ताओं की नाराजगी इस कदर बढ़ गई कि उन्होंने टिकट प्रभारी मनोज कंदोई और पीसीसी चीफ दीपक बैज के खिलाफ जमकर नारे लगाए और कार्यालय के बाहर उनका पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया। जानकारी के मुताबिक, कार्यकर्ताओं का आरोप है कि टिकट के ऐलान से पहले कई दौरों की बैठक के बाद सभी वार्डों में प्रत्याशियों के नामों पर सहमति बनी थी। संतोषी मंदिर वार्ड 2 से घनश्याम यादव, नया तालाब वार्ड 4 से गीता जगत और गोवर्धन वार्ड 12 से पुनाराम यादव का नाम तय किया गया था, लेकिन जब सूची जारी की गई तो उसमें इन तीनों का नाम गायब था।

### हरीश लखमा से पूछताछ जारी



#### हो सकती है गिरफ्तारी

रायपुर,27 जनवरी 2025(ए)। छत्तीसगढ़ में 2161 करोड़ रुपये के चर्चित शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई जारी है। इस मामले में पहले से जेल में बंद छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री कवासी लखमा के बेटे हरीश लखमा को ईडी ने तलब किया है। आज सुबह, हरीश लखमा अपने वकील के साथ ईडी के दफ्तर पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, ईडी के अधिकारियों ने उनसे घोटाले से जुड़ी अहम जानकारियों के लिए पूछताछ शुरू कर दी है।

### आईएएस अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल

» आईएएस एस प्रकाश परिवहन आयुक्त,

» सीआर प्रसन्ना को राज्यपाल के सचिव का अतिरिक्त प्रभार



रायपुर,27 जनवरी 2025 (ए)। राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया है. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक आईएएस एस प्रकाश को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आयुक्त परिवहन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा आईएएस सी आर प्रसन्ना को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ राज्यपाल के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।वहीं आईएएस यशवंत कुमार को सचिव संसदीय कार्य, संचालक ग्राम उद्योग, प्रबंध संचालक हथकरघा विकास और प्रबंध संचालक खादी एवं ग्राम उद्योग का वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### निलंबित आईएएस रानू साहू और कारोबारी सूर्यकांत तिवारी को झटका



#### हाईकोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

बिलासपुर,27 जनवरी 2025(ए)। निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू और कारोबारी सूर्यकांत तिवारी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। कोयला घोटाले मामले में हाईकोर्ट ने सोमवार को दोनों की जमानत याचिकाएं खारिज करते हुए बड़ा झटका दिया है।

# जमीन की फर्जी रजिस्ट्री रोकने नया सॉफ्टवेयर

रायपुर,27 जनवरी 2025 (ए)। आवास पर्यावरण और वित्त मंत्री ओपी चौधरी एक ने चर्चा में बताया कि एक बार बिक्री की गई जमीन की कोई दुबारा रजिस्ट्री नहीं होगी।इसके लिए एक सॉफ्टवेयर बनाया जा रहा है। जो नए वित्त वर्ष से लागू कर दिया जाएगा। इसके बाद फर्जी रजिस्ट्री भी नहीं हो पाएगी । एक बार बिक्री की गई जमीन की कोई दुबारा रजिस्ट्री नहीं होगी , वीजा



कंपनी इसके लिए नया सॉफ्टवेयर तैयार कर रही है।रायपुर में सेंट्रलाइज एक रजिस्ट्री ऑफिस बनेगा ।पहले से जो रजिस्ट्री ऑफिस चल रहे है वो भी चलेंगे। वित्त मंत्री ने नए हाउसिंग प्रोजेक्ट को लेकर कहा कि पूरे प्रदेश में योजना शुरू कर रहे है जल्द शुरू हो जाएगी मध्यम वर्ग को ध्यान में रखा जाएगा।

# कांग्रेस के महापौर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा



#### रायपुर में दीप्ति प्रमोद दुबे को टिकट

रायपुर,27 जनवरी 2025 (ए)। छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस ने भी अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। लिस्ट में 10 महापौर, 40 नगर पालिका और और 114 नगर पंचायत के उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। रविवार को देर रात राजीव भवन में कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रभारी महासचिव सचिन पायलट की अध्यक्षता में प्रत्याशियों के नामों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### लाउड स्पीकर पर हनुमान चालीसा

» भड़क उठा ऑटो चालक, लोगों को दी गाली

बिलासपुर,27 जनवरी 2025(ए)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आज सुबह 7 बजे एक अप्रत्याशित घटना सामने आई, जब एक ऑटो चालक ने हनुमान मंदिर में पहुंचकर स्पीकर पर बज रही हनुमान चालीसा को बंद करने की धमकी दी। यह पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, और इसका फुटेज अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, रोज की तरह हनुमान मंदिर में स्पीकर पर हनुमान चालीसा का पाठ हो रहा था। इसी दौरान एक व्यक्ति, जिसकी पहचान इशहाक खान के रूप में हुई है, मंदिर में पहुंचा और वहां मौजूद श्रद्धालुओं को धमकी देने लगा। उसने कहा, इतना हिंदू बनने का शौक है, तो अयोध्या जाओ यहां हिंदू-हिंदू मत करो, नहीं तो मंदिर से चोंगा निकालकर फेंक दूंगा।

#### गाली-गलौज और धमकी

ऑटो चालक पर आरोप है कि उसने इस दौरान अपशब्दों का प्रयोग किया, बल्कि मंदिर में खड़े श्रद्धालुओं को गाली देते हुए स्पीकर बंद करने की चेतावनी भी दी। इस घटना से



वहां मौजूद लोग हैरान रह गए।

#### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होते ही यह मामला सुर्खियों में आ गया। वीडियो के सामने आने के बाद हिंदू संगठनों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है।

#### हिंदू संगठनों में आक्रोश

घटना के बाद हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों में आक्रोश है। वे इस कृत्य को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बता रहे हैं और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। संगठनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है। वीडियो वायरल होने के बाद बिलासपुर पुलिस भी हरकत में आ गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बीजापुर में फिर हत्या

#### शव के पास मिला भैरमगढ़ एरिया कमेटी का पर्चा

बीजापुर,27 जनवरी 2025(ए)। बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक बार फिर खूनी खेल खेला है। नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी है। रविवार शाम 7 बजे के आसपास की घटना है. बीजापुर एएसपी चंद्रकांत गवर्णा ने घटना की पुष्टि की है। नक्सलियों ने जिसकी हत्या की है, उसका नाम भदरू सोढ़ी पिता



हिडमा है। उसकी उम्र 41 साल है। भदरू सोढ़ी केशामुंडी का रहने वाला है। रविवार देर शाम माओवादी उसके घर में घुसे और धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी। मौके पर माओवादी संगठन भैरमगढ़ एरिया कमेटी का पर्चा भी मिला है जिसमें नक्सलियों ने मुखबिर का आरोप लगाते हुए हत्या करने की बात लिखी है। नक्सलियों के कोर एरिया में फोर्स साल 2024 से बस्तर में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान में लगातार पुलिस को मिल रही सफलता से माओवादी संगठन को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। नक्सलियों के कोर क्षेत्र में नया सुरक्षा कैंप खुलने से नक्सलियों का दायरा सिमटता जा रहा है। हाल ही में सुरक्षा बल के जवानों ने गरियाबंद में 16 नक्सलियों को ढेर किया है। मारे गए नक्सलियों में 3 करोड़ से ज्यादा के इनामी नक्सली भी शामिल थे।

### हेम 2.0 पोर्टल में है मरीजों के परेशानियों का अंबार



रायपुर,27 जनवरी 2025 (ए)। अगर आप भी आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने की सोच रहे है या अचानक आपको आयुष्मान कार्ड से इलाज की जरूरत पड़ गई तो संभव है कि आपको कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इतना ही नहीं इलाज करने वाले डॉक्टर्स को भी कई समस्याएं होने वाली है। ऐसा इसलिए क्योंकि स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान कार्ड से इलाज के लिए अस्पतालों की इंटरनल व्यवस्था के लिए हेम 2.0 पोर्टल लॉंच किया है लेकिन इसका आलम ठीक वैसे ही है जिसमें 'शादी का निमंत्रण तो बांट दिया गया है, लेकिन दुल्हन मिलनी अब तक बाकी है। ऐसा इसलिए क्योंकि स्वास्थ्य विभाग ने पोर्टल तो लांच कर दिया, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के उन अधिकारियों की आईडी ही जनरेट नहीं की जिनको अस्पतालों की समस्याओं का समाधान करना है. यही कारण है कि निजी अस्पताल प्रबंधन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के चक्कर लगा रहे है।

#### आयुष्मान से इलाज में क्या-क्या समस्या आ रही मरीजों को?

यदि आपके पास एपीएल कैटेगिरी में आते है और आपके पास 50 हजार रुपए वाला आयुष्मान है और यदि मरीज को हार्ट अटैक आता है और उसे एंजियोप्लास्टी की जरूरत पड़ी तो वर्तमान में वे आयुष्मान से अपना इलाज नहीं करा पा रहा है क्योंकि जब वो अस्पताल पहुंचता है तो अस्पताल में उसका कार्ड ब्लॉक नहीं हो रहा है, क्योंकि एंजियोप्लास्टी का पैकेज 50 रूपए से अधिक का है। पहले ये व्यवस्था होती थी कि इसे ब्लॉक कर लिया जाता था और बाकी की राशि मरीज अस्पताल में कैश दे देता था, अब उसे एंजियोप्लास्टी की पूरी राशि देनी पड़ रही है. हालांकि जिन बीमारियों में ऑपरेशन के लिए मरीज के पास वक्त है वे मुख्यमंत्री विशेष सहायता से आवेदन कर सकता है, लेकिन इसका अप्रूवल आने के बाद ही इलाज होगा और इमरजेंसी में मरीज इलाज नहीं करा सकता।.इसके अलावा पहले मरीज के पास अपना आयुष्मान कार्ड अस्पताल में जमा कराने के लिए 72 घंटे का वक्त होता था, जिसे घटाकर अब 48 घंटे कर दिया गया है। वहीं एक बार यदि मरीज अस्पताल में भर्ती हो गया और अस्पताल को एक्सटेंशन अप्रूवल की जरूरत पड़ी तो पहले 6 घंटे में ये अप्रूवल आ जाता था, लेकिन अब 24 से 48 घंटों में ये अप्रूवल आ रहा है। इसे ऐसे समझे कि क्रिटिकल स्थिति में मरीज को आईसीयू में भर्ती कराया गया और डॉक्टर को प्रारंभिक जांच के बाद ये लगा कि मरीज को 3 दिन के आईसीयू केयर की जरूरत है और उसने इसके मुताबिक ही पैकेज ब्लॉक किया. लेकिन तीन दिनों बाद उसे और भर्ती रखने की जरूरत पड़ी तो उसे एक्सटेंशन अप्रूवल की जरूरत पड़ेगी और यही अनुमति पहले 6 घंटे में आ जाती थी, जो अब 24 से 48 घंटों में आ रही है। मरीज पहले अपने मोबाइल से आयुष्मान कार्ड की ई-कॉपी डाउनलोड कर सकता था, लेकिन अब ये कार्ड अधिकृत सेंटर या अस्पताल से ही बनेगा।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)